## अमरवाड़ा एसडीओपी बरकड़े के निर्देशन में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 24 घंटे के अंदर हत्या के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगोड़ी



अमरवाड़ा के ग्राम छुई के रहने वाले युवक करन उर्फ रंजीत पिताजी लाल भारती को उसके घर में गुप्ती मारकर हत्या कर दी गई इस मामले पर पुलिस ने गंभीरता के साथ जांच प्रारंभ की और संदेह के आधार पर चार आरोपियों से पूछताछ की और जिन्होंने कबूला की हत्या होने के द्वारा की गई है

अमरवाड़ा एसडीओपी कल्याणी ने बताया कि घटना 11 अगस्त की रात्रि 11:00 बजे की है युवक की हत्या कर दी गई थी मामले की जब गंभीरता के साथ जांच की गई तो उसमें पाया गया कि विगत दिनों 7 अगस्त को गांव के सुमर सिंह यादव अपने साले अतर यादव के साथ बाइक से जा रहे थे तभी निक्की उर्फ अमित धुर्वे की 7 साल की भाजी उनकी मोटरसाइकिल से टकरा गई इस बात से नाराज होकर गांव का ज़ीसा भारती और उसका भतीजा करण उर्फ रंजीत भारती ने सुमन यादव और अतर लाल के साथ मारपीट की और इसी रंजीश की वजह से 11 अगस्त को सुमर यादव जब अपनी पत्नी को लेने ससुराल ग्राम लकड़ाई जमोड़ी गया तब सुमर सिंह यादव और अतर यादव ने मारपीट की बात अपने दोस्त आकाश यादव निहाल मालवी को बताया तब अतरलाल बोला कि जीजा उसे रंजीत भारती ने उस दिन तुम्हारी और मेरी सबके सामने मारपीट करके गांव में हमारी इज्जत उतार दी हम उसको मारेंगे पर हम मारेंगे तो गांव में सब पहचान लेंगे इसलिए उन्होंने आकाश और निहाल तुम दोनों उसको मारो हम तुमको घर बता देंगे फिर निहाल मालवी ने अपने घर से गुप्ती लेकर आया चारो एक ही मोटरसाइकिल में ग्राम छुई आ गए और सुमर यादव व अतर यादव दोनों आकाश और निहाल को रंजीत भारती का घर दिखाकर उसके घर से दूर मोटरसाइकिल लेकर खड़े हो गए फिर आकाश और निहाल ने अवाजा देकर रंजीत से दरवाजा खुलवाया निहार मालवी ने गुप्ती से रंजीत के सीने में मारकर हत्या कर दी पुलिस ने चारों आरोपियों सुमर पिता रमेश यादव, अतर सिंह उर्फ छोटू रामचंद्र यादव, आकाश पिता अनिल यादव और निहाल पिता रवि मालवी को गिरफ्तार किया है इस हत्याकांड का खुलासा करने पर नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे , उपनि. विजेन्द्र मार्को, राघवेन्द्र उपाध्याय, पंकज राय, सउनि करतार सिंह बघेल, प्र.आर. जयसिंह बघेल, इंद्रजीत ठाकुर, दिनेश यादव, आर. करन रघुवंशी, राजेन्द्र बघेल, संजीव टेकाम, ओमकार कुमरे, अनुज बघेल, सूरज सिंह, संदीप भलावी व सायबर सेल से नितिन सिंह व आदित्य रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# विशाल तिरंगा यात्रा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का किया गर्मजोशी से स्वागत

## चंदनगॉव से मानसरोवर कॉम्पलेक्स अमित ठेंगे चौक तक निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों एवं प्रमुखजनों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा



आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरे देश और प्रदेश सहित छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में भी तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की प्रमुख उपस्थिति में छिन्दवाड़ा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व छिन्दवाड़ा शहर में बुधवार की दोपहर राष्ट्रभक्ति का माहौल चरम पर रहा। चंदनगॉंव माता मंदिर से मानसरोवर कॉम्पलेक्स अमित ठेंगे चौक तक निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों एवं प्रमुखजनों ने भव्य स्वागत किया। विशाल तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का सांवरी में भव्य स्वागत किया। इसके बाद ईमलीखेड़ा चौक में भी भाजपा पदाधिकारियों एवं प्रमुखजनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का भव्य स्वागत किया गया। विशाल तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का शहर में जगह-जगह पर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हुई बारिश में भी तिरंगा यात्रा जारी रही। तिरंगा यात्रा के दौरान वाहन में सवार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अन्य अतिथियों ने बारिश में भींगते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने भारत माता की जयघोष के नारे लगाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद छिन्दवाड़ा प्रथम आगमन पर हेमंत खंडेलवाल के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में आमजन एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं का स्नेह देखकर अभिभूत हूं : खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नहीं होता, यह एक दायित्व है। छिंदवाड़ा में पहले आगमन पर कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और नागरिकों के स्वागत से मैं अभिभूत हूं।

### इन प्रमुख मार्गों से निकली तिरंगा यात्रा

शहर के प्रमुख मार्गों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। लगभग 3 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा माता मंदिर चंदन नगर से शुरू होकर राजा की बगिया, अमित ठेंगे द्वार, पाटोदी फोर्ट, कामठी ज्वेलर्स, चित्रकूट कॉम्प्लेक्स, शॉपिंग जोन, चर्च के सामने, ई.एल.सी. हॉस्टल, एकता पार्क, पोला ग्राउंड, कोतवाली, लालानी मेडिकल, अनगढ़ हनुमान मंदिर, फव्वारा चौक, गर्ल्स कॉलेज, खंडेलवाल मेडिकल स्टोर, जेल तिराहा, एस.एम.टी. के सामने होते हुए मानसरोवर कॉम्प्लेक्स पर सम्पन्न हुई।

### विशाल तिरंगा यात्रा में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

शहर में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, संगठन मंत्री संतोष पारीख, जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक कमलेश शाह, महापौर विक्रम अहके, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, पूर्व विधायक रमेश दुबे, नत्थन शाह कवरेती, महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, परमजित विज, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय सक्सेना, दारा जुनेजा, नरेश साहू, संतोष पटेल, जागेन्द्र अल्डक, बंटी पटेल, राजू नरोटे, लखन वर्मा, ज्योति डेहरिया, मोनिका बट्टी, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, अंकुर शुक्ला, श्रीमती लीला बजोलिया एवं अन्य 51 मंडलों के अध्यक्षगण, रिजवान कुरैशी, अरविंद राजपूत, रोहित पोफली सहित नगरनिगम के सभी सभापतिगण, पार्षदगण व अन्य सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृष्ण बनी अनाया



**छिंदवाड़ा।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर बच्चे कृष्ण के रूप को धारण कर उत्सव मना रहे है। कोई कृष्ण बन रहा है तो कोई राधा। अपने आराध्य श्रीकृष्ण जी की आराधना और जन्मोत्सव के पर्व पर विभिन्न स्कूलों में बच्चे राधाकृष्ण की वेशभूषा धारण कर मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं के साथ साथ कृष्ण लीलाओं का मंचन कर रहे है। ऐसे ही कृष्ण लीला के मंचन की तैयारी में अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी की बालिका अनाया चौरिया ने कृष्ण अवतार का श्रृंगार किया।



## खेतों से हो रही चोरी की गई सामग्रियों पर पुलिस की कार्यवाही

# पुलिस ने चोरों से जप्त की एक लाख 10 हजार रूपए की खेत की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

लंबे समय से पीपला नारायण मार्ग क्षेत्र के खेतों से सामग्री चोरी होने की घटनाएं हो रही थी। मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कार्रवाही के संबंध में जानकारी दी है।मिली जानकारी में प्रार्थी शुभम धनराज गुडघे पिपलानारायणवार द्वारा खेत के कुआ में लगी मोटर एवं खेत में रखे 30 प्लास्टिक के पाईप एवं 10 लोहे के नोजल,किसान सुधीर चौधरी के खेत से 05 एच.पी. की सिचाई मोटर, मनोहर डोगरे,सेमड़ा के खेत से 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर,राजेश डोबारे के खेत से 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर, दिनेश कोबारे 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर,धनराज गजभिये के खेत से 03 एच.पी. मोटर,नितेश परिहार 03 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर चोरी जिसकी



कीमत करीबन 95000/रूपये की रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्र 320/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी,डीएसपी सौसंर श्रीमती प्रियंका पाण्डेय के मार्गदर्शन के नेतृत्व मे थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात चोरो की लगातार तलाश की गई, मुखबिर की सूचना पर साईखेड़ा के पास मोटरसाइकल क्र एमएच-27-एस-7745 मे बैठकर दो लोग आ रहे है जिनके पास मोटर पम्प (सिंचाई) रखे हुये है। तुरंत साईखेडा रोड पर घेराबंदी कर आरोपियो को पकडकर मोटर पंप के संबंध में पूछताछ की गई। जिनके द्वारा उक्त मोटर पम्प को खेत से चोरी कर लाना बताया गया,आरोपीयो ने ग्राम ढोकढोह, सेमडा व आस पास के ग्रामो से मोटर पम्प चोरी करना स्वीकार किया जिन्हे तीनखेडा के जंगल मे छुपाकर रखना बताया,चोरी गयी मोटर पंप एंव घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकल को जप्त किया गया।जप्तशुदा सामग्री 7 नग मोटर पम्प (सिंचाई) कीमती 85000 रु,एक (हीरो स्पेलंडर) कीमती 25,000,कुल जप्त मशरूका कीमती 1,10,000 के साथ आकाश शिंदे निवासी पारडसिंगा थाना लोधीखेडा,कैलाश महतपुरे निवासी मोहगाँव हवेली,को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कार्रवाही में निरीक्षक ए.बी मर्सकोले, उनि लेखराम पहाडे,अनिता सराठे,मोहन पवारअजय रघुवंशी, चन्द्रकिशोर रघुवंशी,अखिलेश हिंगवे, आर इसरार खान, आर अनिल लोखंडे,दीपक पहाडे, आरोपी को पकडने मे महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सौसर।** मोहगांव नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मोहगांव हवेली विधुत विभाग पदस्थ सुपरवाइजर की कार्यप्रणाली को लेकर मंगलवार को सौसर एसडीएम को ज्ञापन सॉप्ट हुए कार्रवाई करने की मांग की है।जापान में नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने बताया कि मोहगांव नगर में बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग अभियान में बिना सुचना दिये कन्ज्यूमर्स को उनके घरों के मीटर उखाड़ कर दुसरे बदले जा रहे हैं, जबरन बिना किसी प्रमाण के फर्जी लाखों रुपए के प्रकरण बनाए जा रहे हैं,भाजपा नेताओं का हस्तक्षेप सुपरवाइजर श्री बारस्कर एवं उनके सभी कर्मचारियों ने जो मीटर चेकिंग कर चालान बनाए उनको भाजपा के नेताओ द्वारा कांग्रेस पार्टी से जोड़ कर कर पार्टी को बदनाम किया जा रहा है,अनर्गल बयान बाजी की जा रही है,बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग अभियान कि आड़ में प्रताड़ित किया जा रहा है,सभी कार्यवाही को रद्द करने ओर सुपरवाइजर पर कार्यवाही करनी चाहिए,इस दौरान मोहगाव नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर बम्हें .कार्यवाहक अध्यक्ष अंसार खान. कार्यवाहक कपील गडेकर .रामराव बम्हें सैय्यद जुबेर अली .विशाखा चौरे. इशाक अली. धीरज कड़वे .सैफ अली .अशरफ अली आदि उपस्थित थे।

## एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के बच्चों को निकाली तिरंगा रैली

**पारडसिंगा।** संकुल केंद्र पारडसिंगा के अंतर्गत आने वाली एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल खैरी तायगांव में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम खैरी तायगांव में निकली तीरंगा रैली एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के बच्चों द्वारा शासन के निर्देशा नुसार आज 12 अगस्त को शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कि उपस्थिति में तिरंगा रैली निकाली गई।स्कूल के प्राचार्य निलेश ठाकरे ने बताया कि शासन के निर्देश का पालन करते हुए स्कूल के सभी छात्र छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई।

## मोहगांवहवेली में हुआ भुजलिया का आयोजन

**मोहगांवहवेली।** बुनकर समाज की ओर से मोहगांव हवेली में धूमधाम और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ में भुजलिया पर्व का आयोजन किया। इस दौरान 5 नवविवाहित वधुओं का सावन किया गया, बैंड बाजी और आतिशबाजी के बीच में नव विवाहित कन्याओं के द्वारा भुजलिया का विसर्जन सर्प नदी घाट पर किया गया। दौरान कबीर मंदिर समिति के द्वारा भुजलिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बुनकर समाज के अलावा नगर वासियों ने भी शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया,बुनकर समाज की ओर से भूजलीया घाट की साफ सफाई और रोशनी की व्यवस्था बनाई गई।

# तिरंगा यात्रा ने किया बोरगांव में शहीदों को नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

बुधवार को आजादी पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष में लोधीखेड़ा भाजपा मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया,आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ पाराड़सिंगा बस स्टैंड से किया गया,तिरंगा यात्रा रैली में बड़ी संख्या में युवाओ ने उपस्थित होकर हाथों में तिरंगा लेते हुए भारत माता की जय, का जयघोष किया गया, तिरंगा यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्र पारड़सिंगा, खेरितायगाव,रेमंड बोरगाव का भ्रमण करते हुए लोगों के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत करने का कार्य किया है। बोरगांव में तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया गया रेमंड चौक में तिरंगा यात्रा पर फूलों का वर्षाव होकर स्वागत सत्कार किया गया,समापन अवसर पर आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने हेतु विशाल जनसमूह ने हाथों में तिरंगा थामकर नारे लगाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया है। ऐसी आयोजनों से क्षेत्र एवं युवाओं के मन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न होती है,आयोजन के दौरान 2 मिनट का मौन धारण करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सरपंच भोजराज धोतके, भाजपा नेता दिनेश रायकवाड, प्रभाकर बोबडे,होमदेव वजारकर,पार्षद रूपेश बागड़े आदि थे।

## पांढुर्णा जिला अध्यक्ष बने आशुतोष ठाकरे



**सौसर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ प्रांतीय निर्देश पर गुरुवार को पांढुर्णा जिला एवं तहसील स्तरीय चुनाव संपन्न हुआ है।चुनाव प्रक्रिया के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष पांदुरना एवं सौसर तहसील के तहसील अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी केशवकांत कोसे (बैतूल) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष पवार निर्देशन, एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बैतूल जीतेन्द्र पवांर,अवधेश वर्मा की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। चुनाव के दौरान मध्य प्रदेश पटवारी संघ पदाधिकारी के द्वारा चुनाव प्रक्रिया के संबंध में उपस्थितों को जानकारी दी। इस दौरान नियत समय तक पांदुरना जिला अध्यक्ष,तहसील अध्यक्ष सौसर हेतु केवल एक एक आवेदन प्राप्त थे, इस प्रकार सभी अभ्यर्थियों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन के दौरान सर्वसम्मति से पांदुरना जिला अध्यक्ष हेतु आशुतोष ठाकरे एवं सौसर तहसील हेतु रामकृष्ण राकेशिया को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र वितरित किया गया।साथ ही जिला कार्यकारिणी में तहसील पादुर्णा एंव सौसर के पटवारी संजय झलके, संजू ठाकुर, शिवकुमार भोजने, राधेश्याम सोनेकर,आशीष रजावत, सुधीर चौधरी को सर्वसम्मति से शामिल किया गया है।इस दौरान पटवारी संघ के पांढुर्णा जिला अध्यक्ष आशुतोष ठाकरे एवं सौसर तहसील अध्यक्ष श्री राकेसिया का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।

# पेंशनर समाज ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन, लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

मध्य प्रदेश पेंशनर समाज सौसर की ओर से बुधवार को सौसर एसडीएम के नाम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए निराकरण करने की मांग की है,संघ पदाधिकारी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा सौसर द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सोपे ज्ञापन पेंशन पर ब्याज मुक्त करने, दो प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता,32 एवं 27 माह का एरियर्स, पेंशनर को 65,70,75 वर्ष की आयु पुर्ण करने पर क्रमशः 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन, मध्यप्रदेश पुर्नगठन आयोग की धारा 49, (6) विलोपित करने आदि मागों का समावेश है। मध्यप्रदेश पेंशनर समाज के अध्यक्ष सोनबा झाडे ने बताया कि पेंशनर्स समाज के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन का जल से जल्द निराकरण करने की मांग की गई है। इस दौरान तानाजी चोरे,मुरलीधर काबले गुरुजी,श्याम ओरोकर, भक्ते गुरूजी, घाटोड सर, दादाराव चिमोटे, रामकृष्ण बोडखे, सुर्यवंशी, पुरीसर, कमल डोंगरे, कुरोठे सर, श्रीमती अलका ढोले,शारदा रहकवार आदि थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और हर घर तिरंगा अभियान को समर्पित नारों से गूंजा चौरई



**चौरई:** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय के नेतृत्व में आयोजित विशाल वाहन रैली का आयोजन आज उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। यह यात्रा, आदरणीय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गौरवगाथा को दर्शाती है तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संदेश देती है।रैली का शुभारंभ चौधरी पेट्रोल पंप से हुआ, जो नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए भारत माता चौक पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ ₹भारत माता की जय₹, ₹वंदे मातरम₹, ₹देश के वीर शहीदों की जय₹ और ₹देश के क्रांतिकारियों की जय हो₹ के गगनभेदी नारे लगाए। तिरंगे झंडों से सजी यह यात्रा नगरवासियों में देशभक्ति की लहर दौड़ा गई।इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष सिरपत नायक तिंरगा यात्रा के प्रभारी संजय ठाकुर,सहप्रभारी चंद्रभान सोनी सुरेश शर्मा, नीलू निर्मलकर संजय सुकांत डॉ. हरि राय, बंटू चौहान, अनमोल चौधरी राजेंद्र सन्दराम,रितु चौरसिया, प्रीति वर्मा, शिवराम वर्मा, दीपक वर्मा, लालू यादव, दीपक निर्मलकर, मनु सोनी, सुमित सराठे, विनोद पाल, राजा राय, सादिक अली मीर, गोलू तिवारी, गुड्डू रघुवंशी, राजा जैन, पंकज साहू, गोविंद दांतले, पप्पू सोनी, राजवंश ठाकुर, आकाश यादव, अनिमेष दुबे, अमन शर्मा, अमन साहू, यश रघुवंशी, नीरज भारबरकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## निशुल्क साइकिल वितरण, साइकिल मिलने पर बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी



**सिंगोड़ी** :- ग्राम पिंडरई डविर के माध्यमिक शाला में मंगलवार को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं स्कूल के बच्चों को तिलक लगाकर प्रारंभ किया गया । मुख्य अतिथि जनपद सदस्य योगेश यादव एवं मोहित साहूरहे। कक्षा 6 वीं लेकर आठवीं तक के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया वही जनपद सदस्य योगेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ₹साइकिल वितरण योजना₹ का उद्देश्य ग्रामीण छात्राओं को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए साइकिल उपलब्ध कराना है।साथ ही स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के चलते साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के अनेक लोक सम्मिलित हुए एवं स्टाफ के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा के साथ भूजलिया पर्व संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगोड़ी



अमरवाड़ा विधानसभा के ग्राम सिंगोडी में बस स्टैंड चौक से विधायक कमलेश शाह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भुजलिया उत्सव समिति हिंदू उत्सव समिति अंजुमन कमेटी इलमन भाई एवं के सदस्यों द्वारा जगह-जगह तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। विधायक कमलेश शाह सिंगोडी के प्रसिद्ध भुजरिया उत्सव में भी सम्मिलित हुए और क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन एवं भुजलिया उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा आपसी प्रेम और सौहार्द के इन त्योहारों को सब मिलकर सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाये। देश की आजादी के लिए शहीद होने वाले शहीदों को नमन कर भारत को विकसित बनाने संकल्प के साथ जुट जाएं।इस अवसर पर अमरवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी हेमकरन धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकरे ,टीआई राजेंद्र धुर्वे, चौकी प्रभारी पंकज राय, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के पदाधिकारीजिला अध्यक्ष शेषराव यादव, रमेश फोपली,उत्तम सिंह ठाकुर,टीकाराम चंद्रवंशी, दिवाकर सदारं, विजय पांडे,भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वर, जनपद सदस्य योगेश यादव, पवन राव सोनी, प्रसादी पटेल, सरपंच कपिल ठाकुर, सहित अन्य सामिल हुए।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित हुई डॉक्टर नागवंशी

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी को भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।डॉ. नागवंशी ने अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में 2500 से अधिक स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के लिए जागरूक किया है। उन्हें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा तीन वर्षों से सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में पुरस्कृत किया जा रहा है। उन्होंने दो राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर और एक राष्ट्रीय एकता शिविर में भी भाग लिया है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार, एसीएस अनुपम राजन उच्च शिक्षा विभाग, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग प्रबल सिपाहा, कुलगुरु बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय प्रो सुरेश कुमार जैन ने डॉ. रश्मि नागवंशी को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और सम्मान राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही संस्था प्रमुख डॉ. ए के टांडेकर को भी शाल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार जुन्नारदेव महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी को मिला है, जो महाविद्यालय और नगर के लिए गौरव की बात है। डॉ. नागवंशी को महाविद्यालय परिवार, राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी मनोज कुमार अग्निहोत्री, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई प्रेषित की है। इस पल में डॉ रश्मि नागवंशी का महाविद्यालय परिवार द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मानित किया गया।



# अणणाभाऊ साठे मंगल भवन में हुई कराटे प्रतियोगिता

## वक्ताओं ने की बाबा खान, मिलिंद चारे की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में बुधवार को विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ, शासकीय प्रभावती मानेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर के तत्वाधान में 14 ,17, 19 बालक बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ सी एम राईस स्कूल प्राचार्या शैलजा बत्रा, संकुल प्राचार्य जे.एस काले,भास्कर गावड़े के द्वारा किया गया।आयोजन को संबोधित करते हुए श्रीमती शैलजा बत्रा ने कहा खेलों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा विभिन्न आयोजनों के साथ खेल प्रतियोगिता की जा रही है,खेलों के माध्यम से हम शारीरिक मानसिक विकास भी कर सकते हैं,देश और क्षेत्र के कई लोग खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना भविष्य बना रहे है। हर्ष का विषय है कि बालिका के



लिए सभी स्कूलों मे आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। जो कि अनेक प्रतियोगिता में शामिल होने में सहायक होता है, प्रतिभावान छात्राएं इसमें अपना करियर बना सकते हैं, कराते में कोई हथियार के बगैर हाथ पैरों से अपनी आत्मरक्षा कर सकते हैं। संकुल प्राचार्य जे.एस. काले ने कहा की सौसर की कराते खिलाड़ी ने इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भागीदारी कर सौसर ओर बेटियों का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है, वक्ताओं के द्वारा सौसर विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारे,नोडल अधिकारी बाबा खान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन में खेलकूद प्रतियोगिताओ का सफलतापूर्वक संचालन कर विकासखंड का नाम रोशन कर रहे हैं,नोडल अधिकारी बाबा खान ने प्रतियोगिताओं के संबंध में जानकारी दी, कराटे प्रतियोगिता में संजय भुझाड़े, दर्शन लोणारे टीम के द्वारा सहयोग किया।

## दिव्यांग बच्चों के साथ आधार में मनाया हर घर तिरंगा अभियान

**छिंदवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस की मंगल बेला पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा सहित पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में आजादी का महोत्सव मनाकर तिरंगा यात्रा निकाली गई ओर हर घर तिरंगा फहराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर समाज सेवी रहे। जिनका आधार के संस्थापक इंजीनियर महेश किन्थ, अध्यक्ष सरिता पांडे एवं स्वच्छता टीम के देव पाठक सहित दिव्यांग बच्चों ने तिरंगा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।इस अवसर पर दीपक राज जैन के साथ स्वच्छता टीम नगर पालिक निगम, आधार के गुरुजनों सहित दिव्यांग बच्चों ने तिरंगा लेकर रैली निकाली और नृत्यगान करते हुए आजादी का महोत्सव मनाकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

# रोटरी क्लब ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा निकली गई।सभी रोटेरियन ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जयकारा लगाते हुए देश भक्ति का संदेश दिया ।रोटरी भवन से प्रारंभ तिरंगा यात्रा में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी,सचिव रोटे निलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल,उपाध्यक्ष रोटे अरविंद अग्रवाल, रोटे संदीप सिंह चंदेल, रोटे राकेश भार्गव, रोटे निलेश लाठ सहित अन्य रोटेरियन अंबुजा फाउंडेशन के शैलेन्द्र जी सहित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के स्टूडेंट सहित बड़ी संख्या में स्टॉप ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का संदेश दिया।इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव के आव्हान पर पूरे देश में तिरंगा यात्रा एवं देश प्रेम का अलख जगाने सभी देशभक्त तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को देश भक्ति भी भावना जाग्रत कर रहे ।आज रोटरी क्लब छिंदवाड़ा भी सिवनी प्राण मोती स्थित रोटरी भवन से बाबा रामदेव कॉलोनी की गलियों में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को देश की आन बान शान तिरंगा के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति का जज्बा पैदा किया जा रहा है।आज तिरंगा यात्रा में शामिल सभी रोटेरियन साथियों ने देश प्रेम की अलख जगाई।

## खेती-बाड़ी छोड़कर किसानों के लिए पलायन बन सकती है मजबूरी

# जंगली सुअरों का उत्पात: संकट में गन्ना उत्पादक किसान



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल में गन्ना उत्पादन किसान जंगली सूअरों के उत्पात से भयंकर परेशान है. रात्रि के वक्त जंगली सूअरों का झुण्ड खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को बर्बाद कर रहा है. किसानों ने खेतों में जंगली सूअरों के प्रवेश की रोकथाम के लिए हर देसी और पारंपरिक उपाय के अलावा आधुनिक तकनीक अपना कर देख ली है लेकिन तमाम उपायों को अपनाने के बाद भी केवल हताशा ही हाथ लगी. ऐसे में अब गन्ना उत्पादक किसान खेती-किसानी छोड़कर पलायन करने की बात करने लगे है. किसानों को वन विभाग से बड़ी उम्मीद थी कि वह जंगली सूअरों को खेतों में आने से रोकने में मदद करेगा और कोई कारगार तकनीक अपनाएंगा किंतु विभाग ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए है. वन विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारी किसानों को सिर्फ जंगली सूअरों को खेतों से कैसे दूर रखा जा सकता है यहीं उपाय बता रहे है. किसानों के सामने दोहरा संकट है उन्हें जंगली सूअरों से अपनी फसल बचाना है और रात्रि के वक्त खेत में जगवाली करते समय स्वयं की जान की भी सुरक्षा करनी है क्योंकि कई बार जंगली सूअर इतनी अधिक आक्रामक हो जाती है कि किसानों पर ही प्राणघातक हमला कर घायल कर देती है. वन्य प्राणी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिन पर अंकुश लगाने की कोई ठोस योजना न तो वन विभाग के पास है और ना ही सरकार कोई ठोस योजना बना रही है।

### करीब 12 सौ हेक्टेयर का रकबा

पठार अंचल में बावनथड़ी नदी किनारे और इसके आसपास में तकरीबन 12 सौ हेक्टेयर के खेतों में गन्ने की फसल लगाई जाती है. यह फसल हजारों हाथों को रोजगार, सैकड़ों परिवारों को दो वक्त की रोजी-रोटी प्रदान करती है. अब अगर केवल जंगली सूअरों के उत्पात के कारण किसान गन्ना का उत्पादन करना छोड़ दे तो इसका व्यापक असर पठार अंचल की अर्थव्यवस्था और ग्रामीणों के जीवन पर पड़ेगा. पठार में विकट रुप ले चुकी जंगली सूअरों की समस्या के कारण, गन्ना किसानों को भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है, और वे कर्ज में डूबते जा रहे हैं. ग्राम आंजनबिहरी के किसानों ने बताया कि अभी हालत कुछ ऐसे है कि जंगल से अधिक खेतों में जंगली सूअर देखने को मिल रहे है कई बार जंगली सूअरों का पीछा करते हुए हिंसक वन्य प्राणी बाघ भी खेतों तक आ रहे है. पठार अंचल के अलग-अलग गांवों में बीते दिनों बाघ ने खेतों में कृषि कार्य कर रहे किसानों को मौत के घाट उतारा है. ग्राम आंजनबिहरी, कोसुंबा, दिग्धा, बड़पानी, महकेपार, बम्हनी, हरदोली, बोनकट्टा, पुलपुट्टा, छतेरा, कुड़वा, गोरेघाट, भोंडकी, कन्हड़गांव सहित अन्य छोटे-छोटे गांवों में किसान गन्ने की फसल लगाते है. इन सभी गांवों में जंगली सूअरों का खेतों में जमकर आतंक देखने को मिलता है. किसान अपनी पीड़ा बताते हुए ठिठक पड़ते है उनके आंखों में आंसु तक दिखाई देते है।

## कलेक्टर, एसपी एवं अन्य अधिकारी रैली में हुए शामिल

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं पुलिस ने निकाली बाईक रैली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



02 से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता एवं स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग कार्यक्रम के अंतर्गत बालाघाट जिले में विभिन्न स्थलों पर देश प्रेम एवं स्वच्छता पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में देश के प्रति समर्पण, त्याग, सम्मान की भावना जागृत करने के मकसद से 13 अगस्त को जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा बाईक रैली निकाली गई।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने खुली जिप्सी में हाथों में तिरंगा लेकर इस रैली की अगुवाई की। जिप्सी के पीछे बाईक पर अधिकारियों एवं पुलिस के जवानो ने तिरंगा लेकर बालाघाट शहर का भ्रमण किया। यह रैली पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर बैहर चौकी होते हुए सरेखा बाईपास पर पहुंची और वहां से रेल्वे अंडरब्रिज होते हुए वापस पुलिस लाईन में समाप्त हुई। रैली के दौरान नागरिको को संदेश दिया गया कि तिरंगा झंडा हमारे देश की आन-बान और शान है। हमें इसका सम्मान करना चाहिए और इसकी गरिमा कभी भी कम नही होने देना चाहिए। रैली के दौरान नागरिकों को स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। इसमें अपने घर, पड़ोस, सड़क, दुकान, सार्वजनिक स्थल, कार्यालय परिसर हर स्थान पर स्वच्छता बनाए रखने कहा गया।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर ने निकाली तिरंगा रैली




**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 12 से 15 अगस्त ₹हर घर तिरंगा₹ कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता 6 एम.पी .इंडिपेंडेंस बटालियन बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर NCC ट्रुप नंबर 241 और ट्रुप 40 के कैडेट्स ने आज दिनांक 13 अगस्त बुधवार को तिरंगा रैली निकाली ।इस रैली में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन सी टी ओ वर्षा चौरगड़े श्री डी आर पट्टवी और अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे । कार्यक्रम की संचालक एनसीसी सी टी ओ वर्षा चौरगड़े ने बताया कि यह कार्यक्रम ₹हर-घर तिरंगा₹ अभियान के अंतर्गत किए गए हैं, इससे कैडेट्स में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व उत्साह का संचार हुआ है।

# हट्टा में मनाया गया भुजलीया पर्व

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन के दूसरे दिन कोष्टि समाज की महिलाओं द्वारा भुजलियां पर्व को धूमधाम से ग्राम हट्टा मे 10 अगस्त को मनाया गया ।



इस अवसर पर व्रत कर नव विवाहिताये अपने दोनों ही परिवारों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है और भुजालियों का विसर्जन करती है इस दौरान भुजली पर्व के दिन उजैना की रस्म पर दामादों का आत्मीय स्वागत करने की संस्कृति आज भी विद्यमान है और दामाद अपनी पत्नी का ध्यान रखते हुए उनके झाल के साथ रास्ते भर चलते हैं ग्राम हट्टा स्थित कबीर कुटी से निकली शोभा यात्रा में महिलाओं की टोली के साथ ग्राम के गनमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । साथ ही महिलाओं के झालो के साथ ही वह भी वह भी स्थानीय देवी तालाब पर पहुंचे। इस अवसर पर बड़े झाल के साथ अन्य छोटी-छोटी कन्याए भी अपने सिर पर सुंदर टोकरियों में भुजालियों को लेकर विसर्जन के लिए निकली इन सभी टोकरियों और झाल को देवी तालाब में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी वर्ग ने अपनी उपस्तिथि दर्ज करवायी और एकता जा संदेश दिया।

## शासकीय महाविद्यालय हट्टा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता

# स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत रंगोली, तिरंगा राखी प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** शासकीय महाविद्यालय हट्टा में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान के अंतर्गत देशभक्ति के रंगों से सराबोर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी प्रतियोगिता और रैली का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनशीलता और देशप्रेम का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली एवं तिरंगा राखी प्रतियोगिता से हुई, जहां प्रतिभागियों ने तिरंगे के रंगों और देशभक्ति की भावनाओं को अपनी कला में खूबसूरती से उतारा। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें ₹वंदे मातरम्₹ और ₹भारत माता की जय₹ जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। महाविद्यालय परिसर में विशेष सेल्फी पाइंट भी बनाया गया, जहां सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उन्हें हर घर तिरंगा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया।इस अवसर पर प्राचार्य श्री बिसेन ने कहा, ₹ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं।₹ उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक यादगार एवं प्रेरणादायक आयोजन बना दिया।



# भाजपा मंडल मलाजखण्ड ने निकाली तिरंगा यात्रा





**हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मलांजखण्ड ने आज मोहगांव बस स्टैंड से बिरसा तक विशाल रैली निकाली गई । जिसमें सर्व प्रथम न्यू बस स्टैंड मोहगांव से डीजे बाजा के साथ मोटरसाइकिल के साथ तिरंगे झंडे और भारत माता की जय के नारो के साथ मोहगांव से पौनी , बंजारीटोला, मलांजखण्ड , भिमजोरी होते हुए तिरंगा यात्रा रैली बिरसा पहुंची जहां शासकीय कन्या हाई स्कूल के बच्चों के द्वारा मुख्य सडक के दोनों ओर खडे होकर तालियां और फूलो और तालियां बजाकर रैली का स्वागत किया गया। उसके पश्चात शासकीय माडल स्कूल बिरसा और उतकृष्ट विघालय बिरसा के छात्र छात्राओं के द्वारा भव्यता के साथ तिरंगा यात्रा रैली का स्वागत किया गया । रैली का , समापन जिला पंयायत सदस्य अनुपमा नेताम के द्वारा किया गया हैं तथा साथ ही रिटायर्ड फौजी महेंद्र राहगंडाले का श्रीफल साल भेंट कर सम्मान किया गया । रैली का समापन करते हुए संबोधित करते हुए सभी से अपील करते कहा कि तिरंगा झंडा देश का सम्मान हैं जिसका हमेशा हमे सम्मान करना है और हर घर तिरंगा लगाना , और 15 अगस्त को सभी तिरंगे झंडे की सलामी लेवे । रैली में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनुपमा नेताम , नगरपालिका अध्यक्ष मानसिंह मेरावी , मंडल अध्यक्ष सुनील राहांगडाले, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत जैन , न.पा. उपाध्यक्ष त्रिवेदी गोस्वामी, पुर्व न.पा. अध्यक्ष मीना मर्सकोले ,सभापति मधु सेंदरे, सभापति राजेंद्र राहगंडाले , पार्षद सकुंतला ठाकरे, विजय वल्के, दीपक बिसेन, इंद्रपाल बघेल, लखन बिसेन, जानकी ठाकरे , रमेश नागेश्वर, राजेश मरकाम, नेमन राहांगडाले, ठाकुर दास बघेल, श्रीमती शिवप्यारी तोमर, संगीता चतुर्वेदी, राजू गुप्ता , संजय जैयतवार , मनमोहन गोकुलपुरे , उमेश तुरकर , विजय वट्टी , माया टेम्भरे , मंडाई मंडल अध्यक्ष चित्रव ठाकरे, मिथलेश राहगंडाले, सहित सैकड़ों सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी एवं समता सैनिक दल की निरीक्षण बैठक 16 को

### एसएसडी के अस्टिटेंट स्टॉफ ऑफिसर डी.एम.आचार्य गुरुजी चैत्यभूमि मुम्बई का बालाघाट आगमन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 16 अगस्त को भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं उसका सुरक्षा विभाग अर्थात समता सैनिक दल जिला ईकाई बालाघाट की आवश्यक निरीक्षण बैठक का आयोजन दिनांक 16 अगस्त 2025 को स्थानीय शिवमंगल भवन वार्ड न.01 बुढी रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट मप्र में दोपहर 1.30 बजे से किया गया है। बैठक की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष एवं SSD के GOC बालाघाट करेगें, मुख्य अतिथि एवं निरीक्षक SSD के अंसिटेंट स्टॉप ऑफिसर,हेडक्वाटर सचिव आद.डी.एम.आचार्य गुरुजी चैत्यभूमि मुंबई होंगे,प्रमुख अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य शाखा द.,केन्द्रीय शिक्षक,SSD मप्र रेजीमेट के GOC मप्र होंगे, विशेष अतिथि हेमलता ताई डोगरे प्रदेश उपाध्यक्ष व केन्द्रीय शिक्षिका, आर.के.कठाने प्रदेश सचिव एवं माजी श्रामनेर व बोद्धाचार्य, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव माजी श्रामणेर व बोद्धाचार्य म.प्र. होगें। बैठक में जिला शाखा, जिले की समस्त तहसील, नगर, सर्कल व अन्य सभी शाखाओं के सभी पदाधिकारियों को एवं समता सैनिक दल के सभी सैनिकों से उपस्थिति की अपील जिला शाखा द्वारा की गई है।बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये जायेगें। सदस्यता अभियान, पुरानी बुके एवं शेष जमा राशि करना, शाखाओं का गठन व पुनर्गठन करना,की गई शाखाओं की सूची मान्यता पत्र सहित जमा करना, जिला,तहसील,नगर शाखा बालाघाट के पुनर्गठन की रूपरेखा तैयार करना,धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजनो पर चर्चा, जिला शाखा द्वारा धम्म पर्यटन बुद्धगया व भुटान देश की यात्रा के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा, भोपाल मुख्यालय में राज्य स्तरीय बैठक एवं SSD के विशेष सैनिक प्रशिक्षण शिविर जो भोपाल मुख्यालय में आयोजित है उसमें शामिल होने पर चर्चा, महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन को गति देने पर चर्चा, संस्था का संरक्षण विभाग अर्थात SSD को सक्रिय एवं विस्तार पर चर्चा होगी। वही सत्र 2 के विषय में मुख्य अतिथि डी एम आचार्य गुरुजी द्वारा समता सैनिक दल का परिचय,जवानों की परेड व निरीक्षण एवं SSD के जवानों एवं पदाधिकारियों को मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये जायेगें

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलाजखंड में मनाया अंतराष्ट्रीय युवा दिवस

## विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मलाजखंड में स्काउट एवं गाइड इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय युवाओं की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति₹ था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष प्रसाद एवं वरिष्ठ शिक्षक युगल किशोर भगत एवं स्काउट मास्टर हरीश कुमार फुण्डे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर देशभक्ति गीत, समूहगान, प्रेरणादायक विचार, गुंजन सोनी द्वारा भाषण और रजा.फातिमा द्वारा कविता प्रस्तुत की गई, जिसमें युवा पीढ़ी की भूमिका एवं सामाजिक जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता पर आधारित विचार प्रस्तुत किए गए।प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि युवा वर्ग समाज के निर्माण की धुरी है और उनके सकारात्मक विचार एवं कर्म ही देश को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में नारे लेखन, पोस्टर बनाना ,प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम मनाए गए । स्काउट मास्टर हरीश कुमार फुण्डे ने अपने उद्बोधन में 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है कि इसका उद्देश्य युवाओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करना और सामाजिक विकास मे उनके योगदान को बढावा देना है आदि महत्व को बताते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया ।

# खैरलांजी पुलिस के द्वारा हत्या एंव साक्ष्य नष्ट करने के मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज खैरलाजी।

प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि खैरलाँजी थाना अंतर्गत निर्माण हो रहा सीएम राईस स्कूल मे 08 अगस्त को रात्रि लगभग 8:30 बजे सी.एम. राईज स्कूल, खैरलांजी की पहली मंजिल के एक कमरे में सहकर्मी, मृतक राजेन्द्र उर्फ राजू राहंगडाले एवं आरोपी नीलेश चौड़े के बीच पैसे और काम न करने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी नीलेश चौड़े ने कमरे में रखे लोहे के फावड़े से राजू के सिर पर लगातार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी एवं तत्पश्चात जिला अस्पताल बालाघाट ले जाया गया, जहां 10 अगस्त को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस विभाग ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी खैरलांजी निरीक्षक रामसिंह पटेल एवं फॉरेंसिक अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना खैरलांजी में अपराध क्रमांक 227/2025, धारा 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पन्द्रो एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरलांजी निरी. रामसिंह पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा सघन विवेचना कर हत्या का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए 24 घण्टे में आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। घटना का कारण- मृतक राजू और आरोपी नीलेश दोनों साथ में टाइल्स लगाने का कार्य करते थे। घटना के दिन कार्य न करने को लेकर आपसी कहासुनी और गाली-गलौज हुई। विवाद बढने पर आरोपी नीलेश ने मृतक पर लोहे के फावड़े से कई वार कर दिये, जिससे गंभीर चोटें आई और उसकी मृत्यु हो गई। घटना को छिपाने की नीयत से प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में आरोपी नीलेश द्वारा राजू की मृत्यु गिरने से बताया और फावडे को दूसरी मंजिल में छिपा दिया। सख्ती से पूछताछ एवं विवेचना के आधार पर घटना का खुलासा हुआ। घटना के बाद सी.एम. राईज स्कूल के सुपरवाइजर रूपेश भालेकर ने घटना को छुपाने की नीयत से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों नरेन्द्र उर्फ चंटी टेंमरे और विनोद उर्फ गोलू टेंमरे के साथ मिलकर पहले कमरे में पड़े खून को कपडे से साफ किया। इसके बाद खून से सने कपड़े और बर्तन को डीजल और पेट्रोल डालकर जला दिया। बाद में, कमरे में खून की गंध को खत्म करने के लिए फर्श पर डीजल-पेट्रोल डालकर आग लगाकर साक्ष्य नष्ट किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी-वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरलांजी निरी. रामसिंह पटेल की गठित टीम व्दारा मुख्य फरार आरोपी नीलेश चौड़े को ग्राम देवरी थाना लालबर्रा से गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावडा स्कूल की दूसरी मंजिल से बरामद किया गया है।गिरफ्तार आरोपी -नीलेश पिता बलिराम चौड़े उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड-05, ग्राम बिरसोला थाना लालबर्रा,रूपेश पिता इन्द्रकुमार भालेकर उम्र 34 वर्ष निवासी मोहगांव, बरघाट जिला सिवनी,विनोद उर्फ गोलू पिता भागचंद टेंमरे उम्र 32 वर्ष निवासी मोवाड़ बरघाट जिला सिवनी,नरेंद्र उर्फ चटी पिता रूपचंद टेंमरे उम्र 28 वर्ष निवासी थाना बरघाट जिला सिवनी।आरोपियों से जब्ती हत्या में प्रयुक्त लोहे का फावड़ा साक्ष्य मिटाने में प्रयुक्त सामग्री प्राप्त की गई। उल्लेखनीय भूमिका थाना प्रभारी खैरलांजी निरी. रामसिंह पटेल, प्रआर. विवेक ठाकरे, प्रआर. वीरेंद्र नागभिरे, आर. विष्णु जाट, आर. आकाश की सराहनीय भूमिका रही।



# जनपद अध्यक्ष व सभापति ने सहकारिता विभाग की ली समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर के सभा हॉल में सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्षता कर चल रहे कार्यों की समीक्षा एवं भवन की उपलब्धता व अन्य विषयों पर की जानकारी ली। साथ में समिति के सदस्य व विभाग प्रमुख ,ब्लॉक के सभी समिति प्रबंधक, उपस्थित रहे। जिसमें जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, सहकारिता समिति की अध्यक्ष दिनेश्वरी/ दीनदयाल पारधी ,सदस्य वर्षा/देवेंद्र बढ़ई, लक्ष्मी/ संतलाल पांचे, प्रमिला/ शंकर उपवंशी, सूरज चौहान जनपद पंचायत प्रतिनिधि, दीनदयाल पारधी विधायक प्रतिनिधि व विभाग प्रमुख सहकारिता विस्तार अधिकारी हर्षित भलावी, रविंद्र गेडाम ,कार्तिक बिसेन, जदुर खान, हरिकिशन सहारे, लुकेश भारद्वाज, पंचाले प्रभारी भानेगांव, तहेंद्र लिल्हारे, हीरा बिहोने की उपस्थिति सराहनीय रही।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त... स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT I BMLT BHN I DMLT I DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA I MCA B.SC. I M.SC. DCA I PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

## खेतों से हो रही चोरी की गई सामग्रियों पर पुलिस की कार्यवाही

# पुलिस ने चोरों से जप्त की एक लाख 10 हजार रूपए की खेत की सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

लंबे समय से पीपला नारायण मार्ग क्षेत्र के खेतों से सामग्री चोरी होने की घटनाएं हो रही थी। मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कार्रवाही के संबंध में जानकारी दी है।मिली जानकारी में प्रार्थी शुभम धनराज गुडघे पिपलानारायणवार द्वारा खेत के कुआ में लगी मोटर एवं खेत में रखे 30 प्लास्टिक के पाईप एवं 10 लोहे के नोजल,किसान सुधीर चौधरी के खेत से 05 एच.पी. की सिचाई मोटर, मनोहर डोगरे,सेमड़ा के खेत से 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर,राजेश डोबारे के खेत से 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर, दिनेश कोबारे 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर,धनराज गजभिये के खेत से 03 एच.पी. मोटर,नितेश परिहार 03 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर चोरी जिसकी कीमत करीबन 95000/रूपये की रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्र 320/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी,डीएसपी सौसंर श्रीमती प्रियंका पाण्डेय के मार्गदर्शन के नेतृत्व मे थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात चोरो की लगातार तलाश की गई, मुखबिर की सूचना पर साईखेड़ा के पास मोटरसाइकल क्र एमएच-27-एस-7745 मे बैठकर दो लोग आ रहे है जिनके पास मोटर पम्प (सिंचाई) रखे हुये है। तुरंत साईखेडा रोड पर घेराबंदी कर आरोपियो को पकडकर मोटर पंप के संबंध में पूछताछ की गई। जिनके द्वारा उक्त मोटर पम्प को खेत से चोरी कर लाना बताया गया,आरोपीयो ने ग्राम ढोकढोह, सेमडा व आस पास के ग्रामो से मोटर पम्प चोरी करना स्वीकार किया जिन्हे तीनखेडा के जंगल मे छुपाकर रखना बताया,चोरी गयी मोटर पंप एंव घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकल को जप्त किया गया।जप्तशुदा सामग्री 7 नग मोटर पम्प (सिंचाई) कीमती 85000 रु,एक (हीरो स्पेलंडर) कीमती 25,000,कुल जप्त मशरूका कीमती 1,10,000 के साथ आकाश शिंदे निवासी पारडसिंगा थाना लोधीखेडा,कैलाश महतपुरे निवासी मोहगाँव हवेली,को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कार्रवाही में निरीक्षक ए.बी मर्सकोले, उनि लेखराम पहाडे,अनिता सराठे,मोहन पवारअजय रघुवंशी, चन्द्रकिशोर रघुवंशी,अखिलेश हिंगवे, आर इसरार खान, आर अनिल लोखंडे,दीपक पहाडे, आरोपी को पकडने मे महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** मोहगांव नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मोहगांव हवेली विधुत विभाग पदस्थ सुपरवाइजर की कार्यप्रणाली को लेकर मंगलवार को सौसर एसडीएम को ज्ञापन सॉप्ट हुए कार्रवाई करने की मांग की है।जापान में नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने बताया कि मोहगांव नगर में बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग अभियान में बिना सुचना दिये कन्ज्यूमर्स को उनके घरों के मीटर उखाड़ कर दुसरे बदले जा रहे हैं, जबरन बिना किसी प्रमाण के फर्जी लाखों रुपए के प्रकरण बनाए जा रहे हैं,भाजपा नेताओं का हस्तक्षेप सुपरवाइजर श्री बारस्कर एवं उनके सभी कर्मचारियों ने जो मीटर चेकिंग कर चालान बनाए उनको भाजपा के नेताओ द्वारा कांग्रेस पार्टी से जोड़ कर कर पार्टी को बदनाम किया जा रहा है,अनर्गल बयान बाजी की जा रही है,बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग अभियान कि आड़ में प्रताड़ित किया जा रहा है,सभी कार्यवाही को रद्द करने ओर सुपरवाइजर पर कार्यवाही करनी चाहिए,इस दौरान मोहगाव नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर बम्हें .कार्यवाहक अध्यक्ष अंसार खान. कार्यवाहक कपील गडेकर .रामराव बम्हें सैय्यद जुबेर अली .विशाखा चौरे. इशाक अली. धीरज कड़वे .सैफ अली .अशरफ अली आदि उपस्थित थे।

### एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के बच्चों को निकाली तिरंगा रैली

**पारडसिंगा।** संकुल केंद्र पारडसिंगा के अंतर्गत आने वाली एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल खैरी तायगांव में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम खैरी तायगांव में निकली तीरंगा रैली एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के बच्चों द्वारा शासन के निर्देशा नुसार आज 12 अगस्त को शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कि उपस्थिति में तिरंगा रैली निकाली गई।स्कूल के प्राचार्य निलेश ठाकरे ने बताया कि शासन के निर्देश का पालन करते हुए स्कूल के सभी छात्र छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई।

### मोहगांवहवेली में हुआ भुजलिया का आयोजन

**मोहगांवहवेली।** बुनकर समाज की ओर से मोहगांव हवेली में धूमधाम और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ में भुजलिया पर्व का आयोजन किया। इस दौरान 5 नवविवाहित वधुओं का सावन किया गया, बैंड बाजी और आतिशबाजी के बीच में नव विवाहित कन्याओं के द्वारा भुजलिया का विसर्जन सर्प नदी घाट पर किया गया। दौरान कबीर मंदिर समिति के द्वारा भुजलिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बुनकर समाज के अलावा नगर वासियों ने भी शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया,बुनकर समाज की ओर से भूजलीया घाट की साफ सफाई और रोशनी की व्यवस्था बनाई गई।

## तिरंगा यात्रा ने किया बोरगांव में शहीदों को नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को आजादी पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष में लोधीखेड़ा भाजपा मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया,आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ पाराड़सिंगा बस स्टैंड से किया गया,तिरंगा यात्रा रैली में बड़ी संख्या में युवाओ ने उपस्थित होकर हाथों में तिरंगा लेते हुए भारत माता की जय, का जयघोष किया गया, तिरंगा यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्र पारड़सिंगा, खेरितायगाव,रेमंड बोरगाव का भ्रमण करते हुए लोगों के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत करने का कार्य किया है। बोरगांव में तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया गया रेमंड चौक में तिरंगा यात्रा पर फूलों का वर्षाव होकर स्वागत सत्कार किया गया,समापन अवसर पर आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने हेतु विशाल जनसमूह ने हाथों में तिरंगा थामकर नारे लगाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया है। ऐसी आयोजनों से क्षेत्र एवं युवाओं के मन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न होती है,आयोजन के दौरान 2 मिनट का मौन धारण करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सरपंच भोजराज धोतके, भाजपा नेता दिनेश रायकवाड, प्रभाकर बोबडे,होमदेव वजारकर,पार्षद रूपेश बागड़े आदि थे।

### पांढुर्णा जिला अध्यक्ष बने आशुतोष ठाकरे



**सौंसर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ प्रांतीय निर्देश पर गुरुवार को पांढुर्णा जिला एवं तहसील स्तरीय चुनाव संपन्न हुआ है।चुनाव प्रक्रिया के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष पांढुरना एवं सौसर तहसील के तहसील अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी केशवकांत कोसे (बैतूल) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष पवांर निर्देशन, एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बैतूल जीतेन्द्र पवांर,अवधेश वर्मा की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। चुनाव के दौरान मध्य प्रदेश पटवारी संघ पदाधिकारी के द्वारा चुनाव प्रक्रिया के संबंध में उपस्थितों को जानकारी दी। इस दौरान नियत समय तक पांढुरना जिला अध्यक्ष,तहसील अध्यक्ष सौसर हेतु केवल एक एक आवेदन प्राप्त थे, इस प्रकार सभी अभ्यर्थियों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन के दौरान सर्वसम्मति से पांढुरना जिला अध्यक्ष हेतु आशुतोष ठाकरे एवं सौसर तहसील हेतु रामकृष्ण राकेशिया को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र वितरित किया गया।साथ ही जिला कार्यकारिणी में तहसील पाढुर्णा एंव सौसर के पटवारी संजय झलके, संजू ठाकुर, शिवकुमार भोजने, राधेश्याम सोनेकर,आशीष रजावत, सुधीर चौधरी को सर्वसम्मति से शामिल किया गया है।इस दौरान पटवारी संघ के पांढुर्णा जिला अध्यक्ष आशुतोष ठाकरे एवं सौसर तहसील अध्यक्ष श्री राकेसिया का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।

## पेंशनर समाज ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन, लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मध्य प्रदेश पेंशनर समाज सौसर की ओर से बुधवार को सौसर एसडीएम के नाम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए निराकरण करने की मांग की है,संघ पदाधिकारी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा सौसर द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सोपे ज्ञापन पेंशन पर ब्याज मुक्त करने, दो प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता,32 एवं 27 माह का एरियर्स, पेंशनर को 65,70,75 वर्ष की आयु पुर्ण करने पर क्रमशः 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन, मध्यप्रदेश पुर्नगठन आयोग की धारा 49, (6) विलोपित करने आदि मागों का समावेश है। मध्यप्रदेश पेंशनर समाज के अध्यक्ष सोनबा झाडे ने बताया कि पेंशनर्स समाज के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन का जल से जल्द निराकरण करने की मांग की गई है। इस दौरान तानाजी चोरे,मुरलीधर काबले गुरुजी,श्याम ओरोकर, भक्ते गुरूजी, घाटोड सर, दादाराव चिमोटे, रामकृष्ण बोडखे, सुर्यवंशी, पुरीसर, कमल डोंगरे, कुरोठे सर, श्रीमती अलका ढोले,शारदा रहकवार आदि थे।

## कायदी में विधिक जागरूकता शिविर में अधिकारों व नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी न्यायाधीश सुश्री नेहा बाथरी की अध्यक्षता में कायदी के एक निजी स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

जागरूकता शिविर में विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सुश्री बाथरी ने बताया कि विधिक जागरूकता शिविर एक ऐसा कार्यक्रम है, जो नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों जैसे कि जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं मौलिक कर्तव्यों, राष्ट्रगान का सम्मान, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा आदि के बारे में शिक्षित करता है, जिससे अपने अधिकारों का सही उपयोग करने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने में मदद मिलती है।



उन्होंने छात्र-छात्राओं को विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न योजनओं जैसे निःशुल्क अधिवक्ता योजना आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए विद्यालय से आते एवं जाते समय मोटरयान संबंधी नियमों को भी ध्यान रखने कीसलाह दी। उन्होंने बताया कि वाहन चलाने के लिये 18 वर्ष की आयु पूर्ण करना आवश्यक है, ड्राइविंग लाइसेंस का होना, वाहन का पंजीकरण एवं बीमा होना आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को दाएं बाएं साइड के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को बाल श्रम, पास्को एक्ट से संबंधित कानून के बारे में जानकारी दी गई।

जागरूकता शिविर में विद्यालय के प्राचार्य अंशुमन तिवारी, शिक्षिका श्रीमती अपर्णा सी. तिवारी, शिक्षकगण प्रतीक शुक्ला, श्रीमती ज्योत्सना लेवी, श्रेया तिवारी, ईशा सैनिक, शिवानी चौरडिया, संध्या कटरे, रेवेन्द्र कुमार, श्वेता तिवारी, जैनम सुराना, आदित्य आर सहित 130 छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर शिविर का लाभ उठाया।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम उकवा में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज उकवा।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा देश में हर घर तिरंगा यात्रा का अभियान चलाया जा रहा है।इसी के अंतर्गत बैहर विधानसभा के अंतर्गत उकवा मण्डल में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गईपूर्व विधायक श्री भगत नेताम जी के मार्गदर्शन में रैली का आवाहन किया गया जिसमे मंडल उकवा मे तिरंगा यात्रा मे मण्डल के प्रभारी जिला भा ज पा महामंत्री श्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम जी एवम श्री मुरलीधर् नर्सवानी जी और मण्डल अध्यक्ष विजय पटले, के द्वारा यात्रा निकाली गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी मण्डल उकवा के यात्रा प्रभारी तपेश घुले एवम यात्रा प्रभारी निखिल शेंद्रे, सह प्रभारी सुमित बांगरे,सिद्धार्थ खोबरागड़ेएवम भा ज पा के उपाध्यक्ष कांति चौहान , ऊषा गिरे, रामबती उइके, अनीता गौतम, प्रदीप हरिनवार, तरुण रावल, ओमू चौकसे, रमेश कुमरे , शैलेन्द्र गायकवाड़, , , हरेश हरनवर, जेम्स बारीक, सन्तोष सोनी, आशीष बारीक ।मंडल अध्यक्ष विजय पटले , यात्रा प्रभारी निखिल शेंद्रे, सह प्रभारी सुमित बांगरे के द्वारा बताया गया की विशाल बाइक तिरंगा यात्रा रेंज ऑफिस चौक उकवा से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, मॉयल कॉलोनी, उकवा बस्ती, रूपझर से आकर पुनः उकवा चौकी में समापन किया गया व उकवा चौकी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षा रोपड़ किया गया। यात्रा में प्रमुख रूप से क्षेत्र के युवा आकाश तिवारी, गणेश भारद्वाज, दुर्गेश झरिया, अंकित पंद्रे .इशू भारद्वाज,अंकुश मांगरे, गगन मांगरे,मुकुल सोनी ,नितेश राउत ,आर्यन गिरी, कृष्णा बांधे,राज झरिया ,राहुल यादव ,तन्मय,ध्रुव, रितेश,प्रवीण, ओम,ललित रजक, व क्षेत्र के समस्त ग्रामीण जन उपस्थिति रहे व यात्रा को सफल बनाया।

## ग्राम पंचायत भानेगांव में निकली तिरंगा रैली, पंचायत परिसर में लगाए पौधे



*हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता संग अभियान अंतर्गत हुआ आयोजन*

हरिभूमि न्यूज लांजी। मध्यप्रदेश शासन प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 5-5 /2025 /1/4/ भोपाल दिनांक 2 अगस्त 2025 के तहत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता संग अभियान का क्रियान्वयन दिनांक 07 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है। निर्देष के परिपालन में खण्ड स्तरीय कार्यक्रम 13 अगस्त 2025 को ग्राम पंचायत भानेगांव में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी अजय अवसरे उपाध्यक्ष जप. लांजी, विशिष्ट अतिथी रेवाराम करहाटकरे सभापति जप. लांजी, सीताराम रावते अध्यक्ष भाजपा मंडल भानेगांव, लीलाधर रावते पुर्वउपाध्यक्ष जपं. लांजी, ओमकार बाबा रहांगडाले अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी लांजी, सरपंच ग्राम पंचायत सावरीकला, राम देवीचरण ठाकरे सरपंच ग्राम पंचायत भानेगांव, सुरेश पांचे उपसरपंच ग्राम पंचायत भानेगांव एव अधिकारी/कर्मचारी गणो में उपस्थित राम गोपाल यादव मुख्यकार्यपालन अधिकारी जपं. लांजी, लेखराम रामटेककर खण्ड पंचायत अधिकारी, श्रीमति तरुणा वासनिक ब्लाक समन्वय अधिकारी, डी.एल. शरणागत लेखापाल जपं. लांजी, चंद्रभुषण चौहान सर प्राचार्य भानेगावं व सुरेशकुमार भिमटे सहायक सचिव उपस्थित रहे। हायर सेंकंडरी के छात्र-छात्राएं एवं स्व सहायता समूह की दीदियों तिरंगा हाथो में लेकर रेली का आयोजन ग्राम में भ्रमण कर किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी व डा. भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित मंचासीन मुख्य अतिथीगणो के द्वारा किया गया ।

### मरीज ही नहीं स्वास्थ्य कर्मी भी परेशान

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में अव्यवस्थाओं का आलम

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कभी बेहतर रखरखाव, स्वच्छता और स्वास्थ्य, सहायता सेवाओं, कचरे का प्रबंधन, स्वच्छता का प्रचार, संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण, पर्यावरण के अनुकूल सुविधा और चारदीवारी से घिरा सुरक्षित परिसर होने की वजह से जिस अस्पताल को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कायाकल्प अवार्ड से नवाजा था आज वह अस्पताल अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है. जिस कारण ना सिर्फ मरीजों को परेशानी हो रही ही है बल्कि स्वास्थ्य कर्मचारी भी हर दिन समस्याओं से दो-चार हो रहे है. बात तो रही है बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी की. जहां एक समय में कटंगी के बाद सर्वाधिक प्रसव हुआ करते थे. अब यहां पर चिकित्सक की कमी के कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है. गरीबों की मेहनत की मोटी कमाई इलाज के नाम पर खर्च हो रही है. यहां पदस्थ चिकित्सक डॉ भूपेन्द्र गजभिए को कोरोना काल के दौरान कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अटैच किया गया तब से लेकर अब तक वह कटंगी अस्पताल में ही सेवाएं दे रहे है. जबकि उनकी तनख्वाह बम्हनी स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं देने के नाम पर अदा की जा रही है।

### सीएम हेल्पलाइन से भी नहीं निकला निराकरण

बम्हनी में चिकित्सक नहीं होने से परेशान ग्रामीण लगातार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर डॉ भूपेन्द्र गजभिए को मूल पदस्थापना वाले अस्पताल में वापस भेजने की मांग कर रहे है लेकिन सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ट अधिकारी अनाप-शनाप जवाब बनाकर ग्रामीणों की शिकायतों को विलोपित कर रहे है. गांव के स्थाई पटेल जितेन्द्र सिंह रावत बताते है कि चिकित्सक नहीं होने से करीब दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. गांव की महिला उपसरपंच ललीता राउत ने बताती है कि चुनाव के दौरान विकास यात्रा गांव पहुंची तो उन्होंने अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने की समस्या रखी, जो जवाब मिला उसके बाद उन्होंने कुछ और बोलना उचित ही नहीं समझा. जवाब मिला कि गांव के अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं रहना चाहता. इसलिए यहां किसी की नियुक्ति नहीं हो रही है जबकि बम्हनी अस्पताल में डॉ भूपेन्द्र गजभिए अपनी सेवाएं रहे थे और ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य लाभ भी मिल रहा था. ग्रामीणों का कहना है कि सप्ताह में कम से कम दो दिन डॉ भूपेन्द्र गजभिए को बम्हनी में सेवाएं देने के लिए भेजा जाना चाहिए. बम्हनी अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से चाकाहेटी, अर्जुनटोला, सतीटोला, जामुनटोला, नीमटोला, सादाबोड़ी, रामजी टोला, आंजनबिहरी, दिग्धा, कोड़बी, हरदोली, पुलपुट्टा, छतेरा, टुईयापार, महकेपार और गोरेघार के ग्रामीणों को परेशानी होती है. खासतौर पर प्रसुति महिलाओं को प्रसव के लिए कटंगी, बालाघाट जाना पड़ता है।

### आवासीय समस्या से जूझ रहा स्वास्थ्य स्टाफ

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में पदस्थ स्टाफ नर्स, एनएनएम से लेकर फार्मासिस्ट कई तरह की दिक्कतों से जूझ रहे है. यहां पर स्वास्थ्य कर्मचारियों के आवास के लिए जो कमरे बने हुए है उनकी हालत बहुत खराब है. छतों से पानी टपकता है और बिजली उपकरण बंद पड़े है. आरोग्य समिति ने पुराने क्वार्टर को मरम्मत के नाम पर खोला लेकिन आज तक सुधार कार्य नहीं हो पाया है. जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है. बीते दिनों अस्पताल की बाउंड्री वॉल





क्षतिग्रस्त होकर गिर गई थी. जिसकी मरम्मत आज तक नहीं की गई. ऐसे में खेत के रास्ते सांप-बिच्छू और अन्य जहरीले कीट अस्पताल परिसर में प्रवेश करते है. खासतौर से प्रसव कक्ष के आसपास हमेशा अनहोनी का खतरा बना रहता है. उपसरपंच ने बताया कि गांव में गरीब आबादी निवास करती है. सरकारी अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से गरीबों को प्राइवेट अस्पतालों में मंहगा इलाज करवाने के लिए जाना पड़ता है कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि गरीबों को उपचार नहीं मिलने से उनकी मौत भी हो गई. दरअसल स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदहाली के लिए सत्ताधारी दल के नेता, अफसर दोषी है जो गरीब जनता के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है. गांव में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर बुनियादी ढांचे तो तैयार हो रहे है लेकिन वहां चिकित्सक नदारद है।

### जर्जर हुई अस्पताल की इमारत

वर्ष 2016 में बनकर तैयार आयुष्मान आरोग्य मंदिर की इमारत भी जर्जर होने लगी है. अभी इस इमारत को बने 10 साल भी पूरे नहीं हुए है किंतु इमारत की दशा बहुत खराब हो चुकी है जगह-जगह से दीवारें धसक रही है और अनहोनी का खतरा मंडरा रहा है. स्वास्थ्य कर्मचारियों को कई तरह की दिक्कतें हो रही है लेकिन फिर भी वह कुछ भी बोलने से बचते है. डर है कि अगर मीडिbया से कुछ बोल दिया और छप गया तो फिर वरिष्ट अफसरों की खरी-खोटी ना सुननी पड़ जाए इसलिए स्वास्थ्य कर्मचारी जान जोखिम में डालकर मजबूरी में नौकरी करने को तैयार है।

### इनका कहना है

अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से ग्रामीणों को उपचार के लिए भटकना पड़ता है मैंने और कई ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर चिकित्सक को वापस भेजने की मांग की अधिकारी अनाप-शनाप जवाब बनाकर शिकायत को विलोपित कर देते है.

**जितेन्द्र सिंह रावत**
**स्थाई पटेल बम्हनी**

चुनाव के दौरान जब गांव में विकास यात्रा आई तो मेरे द्वारा अस्पताल में चिकित्सक का विषय रखा गया मुझसे कहा गया कि गांव के अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं रहना चाहता. इस जवाब के बाद मुझे कुछ और बोलना ठीक नहीं लगा. ग्रामीण चिकित्सक नहीं होने से बहुत परेशान है।

**खबर संक्षेप**

## 20 अगस्त तक भरें पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (शैक्षणिक सत्र 2024-25) हेतु नए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यालय सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सिवनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 तय की गई है। पात्र विद्यार्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि वे योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और मौन रैली कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सिवनी जिला कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह आयोजन जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के मार्गदर्शन और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रूपचंद मोहनानी के संयोजकत्व में होगा। कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन और बरघाट विधायक कमल मर्सकोले गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस दिन विस्थापित परिवार अपनी आपबीती साझा करेंगे और अभिलेख प्रदर्शनी में विभाजन काल की दुर्लभ सामग्री प्रदर्शित की जाएगी।



# 5-7 घंटे की बारिश लगभग 10 गांवों का संपर्क एक दूसरे टूटा

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)। पिछली 5-7घंटे की बारिश ने कुहराम बचा दिया जहा किसान की खुशी की लहर वही उगली से रूमाल व सोनखार से रूमाल का संपर्क पूर्णतः टूट चुका**

यहा पर नाले उफान मे है प्रशासन पुलिस ने घटनास्थल पर नालो किनारे पुलिस व ग्राम कोटवार को तैनात किया हुआ है जो की नाला ना पार करने को समझा रहे मोहबर्रा के जनपद सदस्य साकेत राज टेमरे भी मौके पर बाबली नाले पर रामलाल ठाकरे 55 वर्ष निवासी माधूटोला (रूमाल ) जिनकी की विगत 2दिन पूर्व सडक़ दुर्घटना हो गई थी जिनका ईलाज गोदिया मे चल रहा था जिनको गोदिया के डा. द्वारा घर ले जाकर सेवा करने की सलाह दी पर मृत्यु रास्ते मे ही हो गई। दूरी तरफ पानी आफत बन कर बरसा कम होना का इंतजार कर रहे है नाले का पानी कम हो तो बाडी को ले जाकर अतिम संस्कार करे दूसरी ओर घर पर परिजनो का रो -रो कर बुरा हाल है हमारे क्षेत्र के जनपद सदस्य भी उनकी मदद के लिए उनके साथ ही है।

# समस्त सराफा दकाने बंद रहेंगीं और होगा रक्तदान शिविर

### स्वतंत्रता दिवस पर सराफा एसोसिएशन का सामाजिक योगदान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर सराफा एसोसिएशन सिवनी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सराफा की दुकानें पूर्णत बंद रखने का निर्णय लिया है कि इस दिन एसोसिएशन की सभी दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। देशभक्ति एवं सामाजिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस दिन जिला चिकित्सालय, सिवनी में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य स्वैच्छा से रक्तदान करेंगे। इसके साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल वितरण भी किया जाएगा, जिससे इस राष्ट्रीय पर्व पर जरूरतमंदों तक सहायता और सद्भाव का संदेश पहुंचे। सराफा एसोसिएशन सिवनी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में योगदान दें।

# बंडोल पुलिस द्वारा दो माह पूर्व हुये अंधे कत्ल का किया गया खुलासा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री शिमाला प्रसाद के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा टीम गठित कर अंधे हत्या कांड के खुलासा हेतु लगातार प्रयास किये गये।

दिनांक 05.06.2025 को सूचनाकर्ता दीपक पिता गनेश प्रसाद सेन्डे उम्र 25 साल निवासी ग्राम कलारबांकी (ग्राम कोटवार) थाना बंडोल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के द्वारा अज्ञात पुरुष का घटना स्थल कलारबांकी से कान्हीवाडा रोड पुलिया के पास मृतक के सिर में पत्थर से चोंट पहुंचाकर खेत में मारकर घटना छिपाने की गरज से रोड पर गाडी चढ़ा दी है कि रिपोर्ट



पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 285/25 धारा 103(1) क्चहस् पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान अज्ञात मृतक पुरूष की शिनाख्तगी हेतु आसपास के जिले में लगातार पतासाजी कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा था जो अज्ञात मृतक की पहचान विनील चंद्रवंशी ग्राम सुंआडोंगरी चौकी सुनवारा थाना धनौरा के रूप में होने पर आरोपियो की तलाश पतासाजी की गई जो विवेचना के दौरान आये भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यो की मदद से आरोपी सुनील नागेश एवं उसका साला पंकज बेलवंशी को गिरफ्तार कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किये। जिन्होने मृतक विनील चंद्रवंशी से उधार लिये पैसे एवं उसका ब्याज समय पर नही दे पाने पर योजनाबध्द तरीके से दिनांक 04/06/25 की रात्रि करीब 11.00-11/30 बजे बिनील चंद्रवंशी को घटना स्थल कलारबांकी रोड पर लाकर सिर पर पत्थर मारकर घायल करने के बाद विनिल चंद्रवंशी को पंकज बेलवंशी के द्वारा आयसर ट्रक से उसके सिर पर चलाकर कुचलते हुये हत्या को एक्सीडेंट का रूप देना बताये। जो आरोपीगण सुनील पिता पूरनलाल नागेश उम्र 42 साल निवासी सुंआडोंगरी चौकी सुनवारा थाना धनौरा एवं पंकज उर्फ गोलू चन्द्रवंशी पिता रमेश बेलवंशी उम्र 32 साल निवासी ग्राम परासिया थाना बंडोल जिला सिवनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश किया गया है।

# हनुमान मंदिर में पुलिसकर्मी ने की अभद्रता

### आक्रोशित श्रद्धालु ने की शिकायत

**छपारा।** नगर के शनिचरी वार्ड क्षेत्र स्थित सिद्ध बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर में एक पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है। मंगलवार को मंदिर समिति द्वारा छपारा पुलिस थाने पहुंचकर आरोपी पुलिसकर्मी के अभद्रतापूर्ण व्यवहार की शिकायत करने को लेकर उनकी उपस्थिति नहीं रहने पर बुधवार 13 अगस्त को दोपहर लगभग 5 बजे ज्ञापन सौंप शिकायत दर्ज करवाई गई। मिली जानकारी के अनुसार, विगत 12 अगस्त को देर शाम करीब 7:30 बजे छपारा पुलिस थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) गिरिराज सिंह सिहोतिया सिंह नशे की हालत में मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद पुजारी और अन्य श्रद्धालुओं के साथ गाली-गलौज की। इसके अलावा, उन्होंने ध्वनि विस्तारक यंत्र के माइक की लीड को भी निकाल कर फेंक दिया। इस घटना के तुरंत बाद, मंगलवार की



रात्रि ही कुछ श्रद्धालुओं ने मामले की शिकायत छपारा टीआई खेमेंद्र जैतवार को की थी। बुधवार को दोपहर 5 बजे बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर के बस स्टैंड पर एकत्र होकर छपारा पुलिस थाने के लिए एक विरोध मार्च निकाला। थाने पहुंचकर उन्होंने आरोपी एएसआई गिरिराज सिंह सिहोतिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में श्रद्धालुओं ने कहा कि बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर उनकी गहरी आस्था का केंद्र है और पुलिसकर्मी का यह कृत्य धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में उचित कार्रवाई करने की अपील की है।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में एड्स जागरूकता अभियान



**संवाददाता मुकेश साहू।** सिवनी जिले के लखनादौन में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में बुधवार 13 अगस्त 2025 को रासेयो इकाइयों एवं लखनादौन चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एल. तलवरे ने की। मुख्य वक्ता श्री राजेंद्र पटैल ने एड्स के फैलने के कारण, लक्षण, बचाव एवं निदान के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी लाइलाज बीमारी से बचाव ही इसका सबसे बड़ा इलाज है। प्राचार्य डॉ. तलवरे ने अपने उद्बोधन में समाज से एड्स पीड़ितों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार रासेयो प्रभारी प्रो. शशिकेश संकोलिया और कुमारी आकांक्षा दुबे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ, रासेयो स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा भारत माता मंदिर बघराज होते हुए गोपालगंज में समापन हुआ

सिवनी.। भाजपा मंडल लखनवाडा के तत्वाधान तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । तिरंगा यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के एकमात्र भारत माता मंदिर बघराज से प्रारंभ किया गया । सर्व प्रथम संस्थापक एवं अध्यक्ष विपतलाल विश्वकर्मा द्वारा भारत माता को माल्यार्पण कर यात्रा प्रारंभ की गई जिसमें भारी मात्रा में ग्रामीण-जनों की उपस्थित के साथ राष्ट्रध्वज तिरंगा को हाथो में लिए बड़े ही उत्साह से यात्रा भारत माता मंदिर बघराज से होते हुए ग्राम गोपालगंज में पहुंच कर उसका समापन किया गया। जहॉ पर उपस्थित भारी जन-समूह द्वारा भारत माता की जय के नारा लगाकर देश एवं तिरंगा के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया गया । इस तिरंगा यात्रा में ग्राम पंचायत गोपालगंज सरपंच श्री हरिशंकर साहू के विशेष योगदान एवं अनिल कुमार सनोडिया सरपंच ग्राम पंचायत मरझोर की विशेष सहायता से यात्रा को सफल बनाया गया । इस यात्रा में रानू साहू, नीतेश सनोडिया, चैतराम सनोडिया, शिवदयाल वमनिय, बैनी चन्द्रवंशी, तथा वीर महापुरूष जीवनी अनुसंधान सेवा समिति संस्थापक एवं अध्यक्ष विपतल लाल विश्वकर्मा जी की उपस्थिति सराहनीय रही ।

# लखनादौन पेयजल ज़हरकांड, कब जागेगा प्रशासन, कब होगी सख्त कार्रवाई, सवालों के घेरे में अधिकारीयों में बढ़ा जन दबाव...

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लखनादौन उपखण्ड अधिकारियों पर होगी कार्यवाही कब ..?

**छब्बां लाल कमलोंशया हारंभूमि न्यूज**

लखनादौन में लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक्सपायर क्लोरीन को हैंडपंपों और पेयजल में मिलाकर लोगों की ज़िंदगी से जो खिलवाड़ किया गया है, वह न केवल एक तकनीकी चूक है बल्कि एक आपराधिक लापरवाही है जो सीधे-सीधे सिवनी जिले के प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है, इस घटना के बाद जहां जनता में भय, आक्रोश और अविश्वास की लहर है वहीं विभागीय अधिकारी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं, न कोई निलंबन हुआ, न कोई गिरफ्तारी, और न ही कोई सख्त जांच का एलान, सवाल ये है कि एक्सपायर क्लोरीन जैसे जहरीले रसायन का इस्तेमाल आखिर कैसे हुआ, किसने मंजूरी दी, स्टोर में रखे रासायनिक पदार्थों की निगरानी कौन करता है, चाबी किसके पास थी, और सबसे बड़ी बात - इसके उपयोग की अनुमति किसने दी, सबइंजीनियर संदीप राठौर का गैरजिम्मेदाराना बयान कि हमें जो मिला, वो डलवा दिया ये साफ करता है कि विभाग में न कोई प्रक्रिया है, न प्रशिक्षण, और न ही मानव जीवन के प्रति संवेदनशीलता, क्या इतने बड़े स्तर की लापरवाही को सिर्फ एक व्यक्ति की गलती बताकर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच सकता है, अब तक सिवनी कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की ओर से कोई ठोस एक्शन नहीं लिया गया



है, न ही कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी हुई, न ही किसी दोषी अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाए गए, ऐसे में सवाल उठता है क्या जिला प्रशासन विभागीय अधिकारियों के दबाव में है, या फिर जिम्मेदारों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जनता अब चुप नहीं है, अब जनता जवाब मांग रही है, और ये दबाव सिर्फ सोशल मीडिया या अखबारों तक सीमित नहीं रहा, स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संगठन, पत्रकार और आम नागरिक अब एकजुट होकर मांग कर रहे हैं कि इस मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच हो, दोषियों के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज हो, तत्काल निलंबन और गिरफ्तारी की जाए, और पूरे जिले में जल स्त्रोतों की स्वास्थ्य जांच की जाए, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे जिले की सर्वोच्च प्रशासकीय अधिकारी हैं, और यह उनकी जिम्मेदारी है कि नागरिकों के जीवन की रक्षा करें, यदि वे अब भी चुप रहीं, या मामले को दबाने की कोशिश हुई, तो यह न सिर्फ प्रशासनिक विफलता मानी जाएगी बल्कि यह आमजन के अधिकारों का खुला उल्लंघन होगा, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद और राज्य सरकार से भी इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख की मांग हो रही है, क्या वे विभाग के अधिकारियों को बचा रहे हैं, या फिर वे भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ बयानबाज़ी कर रहे हैं, अब वक्त आ गया है कि जनता यह तय करे कि ऐसे अधिकारियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो सिर्फ वेतन लेने आए हैं, ज़िम्मेदारी निभाने नहीं, लखनादौन की जनता अब जाग चुकी है और यह मामला अब केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि जन श आंदोलन का कारण बन सकता है, यदि प्रशासन और शासन ने इस पर तुरंत और कठोर कदम नहीं उठाए तो जनता सडक़ों पर उतरकर जवाब मांगने को मजबूर होगी, और फिर यह मामला पूरे प्रदेश में प्रशासन की नाकामी की मिसाल बन जाएगा, अधिकारी अगर सोचते हैं कि यह मामला धीरे-धीरे ठंडा पड़ जाएगा तो वे बड़ी भूल कर रहे हैं क्योंकि अब सवाल सिर्फ लखनादौन का नहीं, पूरे सिस्टम की जवाबदेही का है।

# पेंच टाइगर रिजर्व के केशू वाल्के एवं सहादनगज गौरव अवॉर्ड से सम्मानित






**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

केशू वाल्के एवं श्री सहादन लकड़ा को दिनांक 12 अगस्त को भारत शासन के प्रोजेक्ट एलिफेंट द्वारा कोयंबतूर में आयोजित समारोह में, गज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया है। श्री केशु सिंह वलके, सहायक महावत, पेंच टाइगर रिजर्व में 1991 से कार्यरत हैं, इन्होंने मोहन बहादुर हाथी को 1991 से 2006 तक प्रशिक्षित किया और ट्रैकिंग कार्य करते हुए बाघों और अन्य वन्यजीवों की निगरानी की। उन्होंने अन्य हाथी जैसे अंबिका और गणेशा को भी प्रशिक्षित किया, और बाघों की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में, वे गणेश हाथी को प्रशिक्षित कर रहे हैं और ट्रैकिंग कार्य कर रहे हैं।

इसी प्रकार, श्री सहादान राम लकड़ा 1993 से सहायक महावत के रूप में पेंच टाइगर रिजर्व में कार्य कर रहे हैं, उन्होंने 1995 से 2007 तक जंग बहादुर हाथी को प्रशिक्षित किया और हाथी के साथ ट्रैकिंग करते हुए बाघों और अन्य वन्यजीवों की निगरानी की। 2007 से अब तक, वे दामिनी हाथी को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

कई बाघ बचाव कार्यों में इन दोनों के द्वारा असाधारण साहस का प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने न केवल अपने हाथी को संभालने की क्षमता दिखाई है, बल्कि अपनी कौशल का उपयोग करके प्रबंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने की क्षमता भी दिखाई है। यह भी महत्वपूर्ण है कि जिस तरह से वे अपने सौंपे गए हाथी की देखभाल सुनिश्चित करते हैं, वह अन्य महावतों के लिए एक उदाहरण है।

## व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निशुल्क व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन योजना क्रमांक 7851 के अंतर्गत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल दिनांक 1 अगस्त से प्रारंभ किया गया है यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को को कोहका फाउंडेशन के ट्रेनर महेंद्र शुक्ला द्वारा दिया जा रहा है प्रशिक्षक द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा बताई गई साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात विभिन्न संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराए जाने के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एस.नाग, नोडल अधिकारी डॉ.एम.एस. बघेल,टी.पी.ओ. डॉ. चन्द्रकला अरमोती, डॉ.एस.पी.सिंह, डॉ. ज्योति कुमरे, महाविद्यालय स्टाफ एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिले में होगा भव्य समारोह कलेक्टर संस्कृति जैन करेंगी ध्वजारोहण

सिवनी। देशभर में स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं और इस बार सिवनी जिला मुख्यालय पर होने वाला मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। 15 अगस्त को स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस समारोह में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वह प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देंगी तथा स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगी। ध्वजारोहण के तुरंत बाद पुलिस विभाग, एनसीसी, स्काउट-गाइड और जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मंच पर देशभक्ति गीतों, स्वतंत्रता



संग्राम की झलकियां और मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।--कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहेंगे। स्वतंत्रता दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे परिवार सहित समारोह में शामिल होकर आजादी के जश्न में भागीदार बनें।--समारोह को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाई है। पुलिस बल की तैनाती, दर्शकों के बैठने की सुविधा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि कार्यक्रम में आने वाले हर नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। हर वर्ष की तरह इस बार भी सिवनी के बाजार, सरकारी-गैरसरकारी भवन, और मुख्य मार्ग त्रिरंगा झंडों से सजे नजर आएंगे। शहर के विभिन्न इलाकों में देशभक्ति गीतों की गूंज और झंडा वितरण कार्यक्रम माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बनाएंगे।

# तहसीलदार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदारों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

सतीश चौधरी तहसीलदार के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार तहसीलदार दायित्वो के निर्वाहन मे आ रही परेशानीयो को लेकर दिनांक 13अगस्त को विधायक बरघाट कमल मर्सकोले एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सिवनी से सौजन्य भेंट कर तहसीलदार संघ की समस्याओं एवं माँगो से अवगत कराया ओर ज्ञापन सौंपा । जिसमें उल्लेख किया है कि एक ओर जहाँ मध्यप्रदेश की 'साइबर तहसील' पहल को स्वयं प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश 'फार्मर रजिस्ट्री' के तहत फार्मर आईडी



बनाने में गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को पीछे छोड़कर देश में अव्वल है। इन सभी सफलताओं के पीछे प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का अथक परिश्रम है, जो अब सरकार के नए प्रयोगों से नाराज हैं।राजस्व महा-अभियानों के तहत नामांतरण, बंटवारा और नक्शा तरमीम जैसे लगभग 80 लाख प्रकरणों का निराकरण किया गया है। यह आंकड़े जमीन पर हो रहे उत्कृष्ट कार्य की गवाही देते हैं। जब प्रदर्शन की तुलना वरिष्ठों से होती है, तो तस्वीर और भी साफ हो जाती है। आंकड़े बताते हैं कि तहसीलदार न्यायालयों का प्रकरण निराकरण प्रतिशत 72.55% है, जबकि SDM का 60.27% और कलेक्टरों का केवल 32.68% है।

यह असाधारण प्रदर्शन तब है जब प्रदेश में राजस्व अधिकारियों की भारी कमी है। कुल 1626 आवश्यक अधिकारियों के मुकाबले केवल 1456 अधिकारी कार्यरत हैं, जो शव पंचनामा और कानून-व्यवस्था जैसे दर्जनों अन्य गैर-न्यायालयीन दायित्व भी निभा रहे हैं।शानदार प्रदर्शन के बावजूद, सरकार द्वारा लाए गए न्यायिक/गैर-न्यायिक कार्य विभाजन के फैसले से अधिकारियों में भारी रोष है। उचित मंचों पर कई बार अभ्यावेदन और अनुरोध करने के बावजूद, राजस्व अधिकारियों की वास्तविक चिंताओं को किसी ने नहीं सुना। इसी के चलते कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने ₹आर-पार की लड़ाई₹ का निर्णय लिया है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब तहसीलदार कम संसाधनों में राष्ट्रीय पुरस्कार जीत रहे हैं और रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन कर रहे हैं, तो सरकार उन पर ऐसे अव्यवहारिक प्रयोग क्यों थोप रही है? यह नीति आंकड़ों को नजरअंदाज कर न केवल सबसे कुशल अधिकारियों को हतोत्साहित कर रही है, बल्कि जनता के काम में भी सीधा गतिरोध पैदा कर रही है।

# तिरंगा अभियानः वाहन रैली निकालकर स्वतंत्रता के जश्न का आगाज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।**

**स्थानीय प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी मंडल केवलारी के तत्वाधान मे 13 अगस्त को हाईस्कूल ग्राउंड हनुमान मंदिर से मोटरसाइकिल रैली निकालकर हर घर तिरंगा का संदेश दिया।**



भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के परिपेक्ष्य मे देश के नागरिकों को 2 से 15 अगस्त, 2025 तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने व तिरंगा की सम्मान के लिए जनता प्रेरित करने के उद्देश्य डिजिटल और सामुदायिक पहलों के जरिए देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का जश्न मनाना नीति के लिये चलाये गये तिरंगा अभियान मे प्रशासन के आला अधिकारी कर्मचारी ओर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों की सहभागिता दिखाई दी है।के 95-95-95 लक्ष्य को हासिल करना है।

## खेतों से हो रही चोरी की गई सामग्रियों पर पुलिस की कार्यवाही

# पुलिस ने चोरों से जप्त की एक लाख 10 हजार रूपए की खेत की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

लंबे समय से पीपला नारायण मार्ग क्षेत्र के खेतों से सामग्री चोरी होने की घटनाएं हो रही थी। मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कार्रवाही के संबंध में जानकारी दी है।मिली जानकारी में प्रार्थी शुभम धनराज गुडघे पिपलानारायणवार द्वारा खेत के कुआ में लगी मोटर एवं खेत में रखे 30 प्लास्टिक के पाईप एवं 10 लोहे के नोजल,किसान सुधीर चौधरी के खेत से 05 एच.पी. की सिचाई मोटर, मनोहर डोगरे,सेमड़ा के खेत से 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर,राजेश डोबारे के खेत से 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर, दिनेश कोबारे 02 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर,धनराज गजभिये के खेत से 03 एच.पी. मोटर,नितेश परिहार 03 एच.पी. पन्डुब्बी मोटर चोरी जिसकी



कीमत करीबन 95000/रूपये की रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क्र 320/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी,डीएसपी सौसंर श्रीमती प्रियंका पाण्डेय के मार्गदर्शन के नेतृत्व मे थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात चोरो की लगातार तलाश की गई, मुखबिर की सूचना पर साईखेड़ा के पास मोटरसाइकल क्र एमएच-27-एस-7745 मे बैठकर दो लोग आ रहे है जिनके पास मोटर पम्प (सिंचाई) रखे हुये है। तुरंत साईखेडा रोड पर घेराबंदी कर आरोपियो को पकडकर मोटर पंप के संबंध में पूछताछ की गई। जिनके द्वारा उक्त मोटर पम्प को खेत से चोरी कर लाना बताया गया,आरोपीयो ने ग्राम ढोकढोह, सेमडा व आस पास के ग्रामो से मोटर पम्प चोरी करना स्वीकार किया जिन्हे तीनखेडा के जंगल मे छुपाकर रखना बताया,चोरी गयी मोटर पंप एंव घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकल को जप्त किया गया।जप्तशुदा सामग्री 7 नग मोटर पम्प (सिंचाई) कीमती 85000 रु,एक (हीरो स्पेलंडर) कीमती 25,000,कुल जप्त मशरूका कीमती 1,10,000 के साथ आकाश शिंदे निवासी पारडसिंगा थाना लोधीखेडा,कैलाश महतपुरे निवासी मोहगाँव हवेली,को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कार्रवाही में निरीक्षक ए.बी मर्सकोले, उनि लेखराम पहाडे,अनिता सराठे,मोहन पवारअजय रघुवंशी, चन्द्रकिशोर रघुवंशी,अखिलेश हिंगवे, आर इसरार खान, आर अनिल लोखंडे,दीपक पहाडे, आरोपी को पकडने मे महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** मोहगांव नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मोहगांव हवेली विधुत विभाग पदस्थ सुपरवाइजर की कार्यप्रणाली को लेकर मंगलवार को सौसर एसडीएम को ज्ञापन सॉप्ट हुए कार्रवाई करने की मांग की है।जापान में नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने बताया कि मोहगांव नगर में बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग अभियान में बिना सुचना दिये कन्ज्यूमर्स को उनके घरों के मीटर उखाड़ कर दुसरे बदले जा रहे हैं, जबरन बिना किसी प्रमाण के फर्जी लाखों रुपए के प्रकरण बनाए जा रहे हैं,भाजपा नेताओं का हस्तक्षेप सुपरवाइजर श्री बारस्कर एवं उनके सभी कर्मचारियों ने जो मीटर चेकिंग कर चालान बनाए उनको भाजपा के नेताओ द्वारा कांग्रेस पार्टी से जोड़ कर कर पार्टी को बदनाम किया जा रहा है,अनर्गल बयान बाजी की जा रही है,बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग अभियान कि आड़ में प्रताड़ित किया जा रहा है,सभी कार्यवाही को रद्द करने ओर सुपरवाइजर पर कार्यवाही करनी चाहिए,इस दौरान मोहगाव नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर बम्हें .कार्यवाहक अध्यक्ष अंसार खान. कार्यवाहक कपील गडेकर .रामराव बम्हें सैय्यद जुबेर अली .विशाखा चौरे. इशाक अली. धीरज कड़वे .सैफ अली .अशरफ अली आदि उपस्थित थे।

### एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के बच्चों को निकाली तिरंगा रैली

**पारडसिंगा।** संकुल केंद्र पारडसिंगा के अंतर्गत आने वाली एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल खैरी तायगांव में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम खैरी तायगांव में निकली तीरंगा रैली एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के बच्चों द्वारा शासन के निर्देशा नुसार आज 12 अगस्त को शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कि उपस्थिति में तिरंगा रैली निकाली गई।स्कूल के प्राचार्य निलेश ठाकरे ने बताया कि शासन के निर्देश का पालन करते हुए स्कूल के सभी छात्र छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई।

### मोहगांवहवेली में हुआ भुजलिया का आयोजन

**मोहगांवहवेली।** बुनकर समाज की ओर से मोहगांव हवेली में धूमधाम और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ में भुजलिया पर्व का आयोजन किया। इस दौरान 5 नवविवाहित वधुओं का सावन किया गया, बैंड बाजी और आतिशबाजी के बीच में नव विवाहित कन्याओं के द्वारा भुजलिया का विसर्जन सर्प नदी घाट पर किया गया। दौरान कबीर मंदिर समिति के द्वारा भुजलिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बुनकर समाज के अलावा नगर वासियों ने भी शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया,बुनकर समाज की ओर से भूजलीया घाट की साफ सफाई और रोशनी की व्यवस्था बनाई गई।

## तिरंगा यात्रा ने किया बोरगांव में शहीदों को नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

बुधवार को आजादी पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष में लोधीखेड़ा भाजपा मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया,आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ पाराड़सिंगा बस स्टैंड से किया गया,तिरंगा यात्रा रैली में बड़ी संख्या में युवाओ ने उपस्थित होकर हाथों में तिरंगा लेते हुए भारत माता की जय, का जयघोष किया गया, तिरंगा यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्र पारड़सिंगा, खेरितायगाव,रेमंड बोरगाव का भ्रमण करते हुए लोगों के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत करने का कार्य किया है। बोरगांव में तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया गया रेमंड चौक में तिरंगा यात्रा पर फूलों का वर्षाव होकर स्वागत सत्कार किया गया,समापन अवसर पर आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने हेतु विशाल जनसमूह ने हाथों में तिरंगा थामकर नारे लगाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया है। ऐसी आयोजनों से क्षेत्र एवं युवाओं के मन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न होती है,आयोजन के दौरान 2 मिनट का मौन धारण करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सरपंच भोजराज धोतके, भाजपा नेता दिनेश रायकवाड, प्रभाकर बोबडे,होमदेव वजारकर,पार्षद रूपेश बागड़े आदि थे।

### पांढुर्णा जिला अध्यक्ष बने आशुतोष ठाकरे



**सौंसर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ प्रांतीय निर्देश पर गुरुवार को पांढुर्णा जिला एवं तहसील स्तरीय चुनाव संपन्न हुआ है।चुनाव प्रक्रिया के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष पांढुरना एवं सौसर तहसील के तहसील अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी केशवकांत कोसे (बैतूल) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष पवार निर्देशन, एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बैतूल जीतेन्द्र पवांर,अवधेश वर्मा की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। चुनाव के दौरान मध्य प्रदेश पटवारी संघ पदाधिकारी के द्वारा चुनाव प्रक्रिया के संबंध में उपस्थितों को जानकारी दी। इस दौरान नियत समय तक पांढुरना जिला अध्यक्ष,तहसील अध्यक्ष सौसर हेतु केवल एक एक आवेदन प्राप्त थे, इस प्रकार सभी अभ्यर्थियों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन के दौरान सर्वसम्मति से पांढुरना जिला अध्यक्ष हेतु आशुतोष ठाकरे एवं सौसर तहसील हेतु रामकृष्ण राकेशिया को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र वितरित किया गया।साथ ही जिला कार्यकारिणी में तहसील पादुर्णा एंव सौसर के पटवारी संजय झलके, संजू ठाकुर, शिवकुमार भोजने, राधेश्याम सोनेकर,आशीष रजावत, सुधीर चौधरी को सर्वसम्मति से शामिल किया गया है।इस दौरान पटवारी संघ के पांढुर्णा जिला अध्यक्ष आशुतोष ठाकरे एवं सौसर तहसील अध्यक्ष श्री राकेसिया का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।

## पेंशनर समाज ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन, लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

मध्य प्रदेश पेंशनर समाज सौसर की ओर से बुधवार को सौसर एसडीएम के नाम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए निराकरण करने की मांग की है,संघ पदाधिकारी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा सौसर द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सोपे ज्ञापन पेंशन पर ब्याज मुक्त करने, दो प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता,32 एवं 27 माह का एरियस, पेंशनर को 65,70,75 वर्ष की आयु पुर्ण करने पर क्रमशः 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन, मध्यप्रदेश पुर्नगठन आयोग की धारा 49, (6) विलोपित करने आदि मागों का समावेश है। मध्यप्रदेश पेंशनर समाज के अध्यक्ष सोनबा झाडे ने बताया कि पेंशनर्स समाज के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन का जल से जल्द निराकरण करने की मांग की गई है। इस दौरान तानाजी चोरे,मुरलीधर काबले गुरुजी,श्याम ओरोकर, भक्ते गुरूजी, घाटोड सर, दादाराव चिमोटे, रामकृष्ण बोडखे, सुर्यवंशी, पुरीसर, कमल डोंगरे, कुरोठे सर, श्रीमती अलका ढोले,शारदा रहकवार आदि थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और हर घर तिरंगा अभियान को समर्पित नारों से गूंजा चौरई



**चौरई:** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय के नेतृत्व में आयोजित विशाल वाहन रैली का आयोजन आज उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। यह यात्रा, आदरणीय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गौरवगाथा को दर्शाती है तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संदेश देती है।रैली का शुभारंभ चौधरी पेट्रोल पंप से हुआ, जो नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए भारत माता चौक पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ ₹भारत माता की जय₹, ₹वंदे मातरम₹, ₹देश के वीर शहीदों की जय₹ और ₹देश के क्रांतिकारियों की जय हो₹ के गगनभेदी नारे लगाए। तिरंगे झंडों से सजी यह यात्रा नगरवासियों में देशभक्ति की लहर दौड़ा गई।इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष सिरपत नायक तिंरगा यात्रा के प्रभारी संजय ठाकुर,सहप्रभारी चंद्रभान सोनी सुरेश शर्मा, नीलू निर्मलकर संजय सुकांत डॉ. हरि राय, बंटू चौहान, अनमोल चौधरी राजेंद्र सन्दराम,रितु चौरसिया, प्रीति वर्मा, शिवराम वर्मा, दीपक वर्मा, लालू यादव, दीपक निर्मलकर, मनु सोनी, सुमित सराठे, विनोद पाल, राजा राय, सादिक अली मीर, गोलू तिवारी, गुड्डू रघुवंशी, राजा जैन, पंकज साहू, गोविंद दांतले, पप्पू सोनी, राजवंश ठाकुर, आकाश यादव, अनिमेष दुबे, अमन शर्मा, अमन साहू, यश रघुवंशी, नीरज भारबरकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### निशुल्क साइकिल वितरण, साइकिल मिलने पर बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी



**सिंगोड़ी** :- ग्राम पिंडरई डविर के माध्यमिक शाला में मंगलवार को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं स्कूल के बच्चों को तिलक लगाकर प्रारंभ किया गया । मुख्य अतिथि जनपद सदस्य योगेश यादव एवं मोहित साहूरहे। कक्षा 6 वीं लेकर आठवीं तक के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया वही जनपद सदस्य योगेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ₹साइकिल वितरण योजना₹ का उद्देश्य ग्रामीण छात्राओं को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए साइकिल उपलब्ध कराना है।साथ ही स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के चलते साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के अनेक लोक सम्मिलित हुए एवं स्टाफ के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा के साथ भुजलिया पर्व संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा के ग्राम सिंगोडी में बस स्टैंड चौक से विधायक कमलेश शाह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भुजलिया उत्सव समिति हिंदू उत्सव समिति अंजुमन कमेटी इलमन भाई एवं के सदस्यों द्वारा जगह-जगह तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। विधायक कमलेश शाह सिंगोडी के प्रसिद्ध भुजरिया उत्सव में भी सम्मिलित हुए और क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन एवं भुजलिया उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा आपसी प्रेम और सौहार्द के इन त्योहारों को सब मिलकर सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाये। देश की आजादी के लिए शहीद होने वाले शहीदों को नमन कर भारत को विकसित बनाने



संकल्प के साथ जुट जाएं।इस अवसर पर अमरवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी हेमकरन धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकरे ,टीआई राजेंद्र धुर्वे, चौकी प्रभारी पंकज राय, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के पदाधिकारीजिला अध्यक्ष शेषराव यादव, रमेश फोपली,उत्तम सिंह ठाकुर,टीकाराम चंद्रवंशी, दिवाकर सदारं, विजय पांडे,भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वर, जनपद सदस्य योगेश यादव, पवन राव सोनी, प्रसादी पटेल, सरपंच कपिल ठाकुर, सहित अन्य सामिल हुए।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित हुई डॉक्टर नागवंशी

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी को भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।डॉ. नागवंशी ने अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में 2500 से अधिक स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के लिए जागरूक किया है। उन्हें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा तीन वर्षों से सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में पुरस्कृत किया जा रहा है। उन्होंने दो राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर और एक राष्ट्रीय एकता शिविर में भी भाग लिया है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार, एसीएस अनुपम राजन उच्च शिक्षा विभाग, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग प्रबल सिपाहा, कुलगुरु बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय प्रो सुरेश कुमार जैन ने डॉ. रश्मि नागवंशी को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और सम्मान राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही संस्था प्रमुख डॉ. ए के टांडेकर को भी शाल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार जुन्नारदेव महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी को मिला है, जो महाविद्यालय और नगर के लिए गौरव की बात है। डॉ. नागवंशी को महाविद्यालय परिवार, राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी मनोज कुमार अग्निहोत्री, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई प्रेषित की है। इस पल में डॉ रश्मि नागवंशी का महाविद्यालय परिवार द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मानित किया गया।



## अण्णाभाऊ साठे मंगल भवन में हुई कराटे प्रतियोगिता

### वक्ताओं ने की बाबा खान, मिलिंद चारे की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में बुधवार को विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ, शासकीय प्रभावती मानेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर के तत्वाधान में 14 ,17, 19 बालक बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ सी एम राईस स्कूल प्राचार्या शैलजा बत्रा, संकुल प्राचार्य जे.एस काले,भास्कर गावड़े के द्वारा किया गया।आयोजन को संबोधित करते हुए श्रीमती शैलजा बत्रा ने कहा खेलों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा विभिन्न आयोजनों के साथ खेल प्रतियोगिता की जा रही है,खेलों के माध्यम से हम शारीरिक मानसिक विकास भी कर सकते हैं,देश और क्षेत्र के कई लोग खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना भविष्य बना रहे है। हर्ष का विषय है कि बालिका के



लिए सभी स्कूलों मे आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। जो कि अनेक प्रतियोगिता में शामिल होने में सहायक होता है, प्रतिभावान छात्राएं इसमें अपना करियर बना सकते हैं, कराते में कोई हथियार के बगैर हाथ पैरों से अपनी आत्मरक्षा कर सकते हैं। संकुल प्राचार्य जे.एस. काले ने कहा की सौसर की कराते खिलाड़ी ने इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भागीदारी कर सौसर ओर बेटियों का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है, वक्ताओं के द्वारा सौसर विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारे,नोडल अधिकारी बाबा खान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन में खेलकूद प्रतियोगिताओ का सफलतापूर्वक संचालन कर विकासखंड का नाम रोशन कर रहे हैं,नोडल अधिकारी बाबा खान ने प्रतियोगिताओं के संबंध में जानकारी दी, कराटे प्रतियोगिता में संजय भुझाड़े, दर्शन लोणारे टीम के द्वारा सहयोग किया।

### दिव्यांग बच्चों के साथ आधार में मनाया हर घर तिरंगा अभियान

**छिंदवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस की मंगल बेला पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा सहित पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में आजादी का महोत्सव मनाकर तिरंगा यात्रा निकाली गई ओर हर घर तिरंगा फहराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर समाज सेवी रहे। जिनका आधार के संस्थापक इंजीनियर महेश किन्थ, अध्यक्ष सरिता पांडे एवं स्वच्छता टीम के देव पाठक सहित दिव्यांग बच्चों ने तिरंगा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।इस अवसर पर दीपक राज जैन के साथ स्वच्छता टीम नगर पालिक निगम, आधार के गुरुजनों सहित दिव्यांग बच्चों ने तिरंगा लेकर रैली निकाली और नृत्यगान करते हुए आजादी का महोत्सव मनाकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

## रोटरी क्लब ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा निकली गई।सभी रोटेरियन ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जयकारा लगाते हुए देश भक्ति का संदेश दिया ।रोटरी भवन से प्रारंभ तिरंगा यात्रा में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी,सचिव रोटे निलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल,उपाध्यक्ष रोटे अरविंद अग्रवाल, रोटे संदीप सिंह चंदेल, रोटे राकेश भार्गव, रोटे निलेश लाठ सहित अन्य रोटेरियन अंबुजा फाउंडेशन के शैलेन्द्र जी सहित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के स्टूडेंट सहित बड़ी संख्या में स्टॉप ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का संदेश दिया।इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव के आव्हान पर पूरे देश में तिरंगा यात्रा एवं देश प्रेम का अलख जगाने सभी देशभक्त तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को देश भक्ति भी भावना जाग्रत कर रहे ।आज रोटरी क्लब छिंदवाड़ा भी सिवनी प्राण मोती स्थित रोटरी भवन से बाबा रामदेव कॉलोनी की गलियों में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को देश की आन बान शान तिरंगा के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति का जज्बा पैदा किया जा रहा है।आज तिरंगा यात्रा में शामिल सभी रोटेरियन साथियों ने देश प्रेम की अलख जगाई।